सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 28 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 58, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 961 अंकों की गिरावट

कमजोर वैश्विक रुझानों, बढ़ते तनाव विदेशी पूंजी की ताजा निकासी के बीच सेंसेक्स 961 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 318 अंक टूटकर 25,200 के स्तर के नीचे आ गया। } 14

## राष्ट्रपति ने स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में भरी उड़ान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड में उड़ान भरी। } 16



# आईएनएस अंजदीप का जलावतरण

## नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं में होगी वृद्धि



एजेंसी

चेन्नई। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने चेन्नई बंदरगाह पर पोत का जलावतरण किया। आईएनएस अंजदीप एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। यह पोत डॉल्फिन हंटर के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। चेन्नई बंदरगाह पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह में एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से पोत का जलावतरण किया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 77 मीटर लंबे इस पोत में एक हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम बनाता है। नौसेना ने कहा कि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित ...शेष पृष्ठ 14 पर

# होली पर अलर्ट रहे प्रशासन, न बने-न बिके अवैध व जहरीली शराब

## भूमि रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन व रजिस्ट्री कार्यालयों के आधुनिकीकरण को करें तेज : योगी

विशेष संवददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आबकारी विभाग को होली पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा अवैध और जहरीली शराब के किसी भी प्रकार के उत्पादन एवं बिक्री को पूर्णतः रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग से लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी लेते हुए रजिस्ट्री कार्यालयों के आधुनिकीकरण की गति बढ़ाने को कहा। परिवहन विभाग को मुख्यमंत्री ने परिवहन निगम की बसों की फिटनेस, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की ठोस कार्ययोजना और नए रूट चिन्हित कर निजी बस संचालकों के सहयोग से बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उक्त निर्देश शुक्रवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के फरवरी माह के अंत तक के कर एवं करेत्तर राजस्व की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक में दिए। जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीकरण, परिवहन, ऊर्जा, भू-राजस्व तथा खनन विभागों की ओर से प्रस्तुत लक्ष्यों और उपलब्धियों का आकलन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि प्रदेश में विकास कार्यों की गति



को निर्धारित करती है। उन्होंने सभी विभागों को पारदर्शिता, दक्षता और नवाचार-आधारित कार्यप्रणाली के साथ लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्री-प्राइमरी के रूप में बनेंगे बाल-मित्र आंगनबाड़ी केंद्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को उनके स्वयं के भवनों में संचालित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चे आते हैं और ये केंद्र प्री-प्राइमरी के रूप में भी उपयोगी हैं। ऐसे में बच्चों की सुविधा, पठन-पाठन की उत्कृष्ट व्यवस्था तथा भवनों का आकर्षक स्वरूप सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें से लगभग 76 हजार केंद्र अभी अपने स्वयं के भवनों में नहीं चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भवनों के निर्माण में कॉरपोरेट-सोशल रिस्पांसिबिलिटी का सहयोग लिया जा सकता है और आवश्यकतानुसार राज्य सरकार भी वित्तीय सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्री-फैब्रिकेटेड मॉडल अपनाया जा सकता है। उन्होंने एक मानक मॉडल तैयार कर विस्तृत कार्ययोजना ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल बढ़ा



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पांच दिवसीय सिंगापुर व जापान दौरे से लखनऊ वापसी करते ही सलाहकार अवनीश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 2, 3 और 4 मार्च को होली का अवकाश

लखनऊ। होली के त्योहार को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में तीन मार्च का सार्वजनिक अवकाश किए जाने का आदेश जारी किया है। पहले दो और चार मार्च को होली की छुट्टी थी, अब तीन मार्च को भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। रविवार को सार्वजनिक अवकाश ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विकसित भारत के लिए बढ़ाना होगा निवेश व नवाचार

## सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर तैयार किया आधार : मोदी




एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। भारत ने प्रौद्योगिकी-आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा सुधारों की तेज गति को बनाए रखने के लिए हमें केवल नीतिगत मंशा पर ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। सुधारों का मूल्यांकन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए। पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने के लिए हमें कृत्रिम मेधा, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग करना चाहिए।

विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसने विस्तार के लिए एक मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि अधिक आवंटन निजी क्षेत्र को नए जोश के साथ निवेश करने और 2026-27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा भारतीय कंपनियों को नये निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए। वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है, हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए। सरकार ने पिछले एक दशक में भारत की वृद्धि रणनीति को रिकॉर्ड स्तर के पूंजीगत व्यय के इर्द-गिर्द केंद्रित किया है। निजी निवेश को आकर्षित करने और मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी ने मंत्रियों से सुधारों पर अपना एजेंडा पेश करने को कहा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुधारों को लेकर महत्वाकांक्षी एजेंडा सामने रखते हुए अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से कहा है कि वे अपने-अपने मंत्रालयों में आने वाले वर्षों में किए जाने वाले सुधारात्मक कदमों पर विस्तृत नोट तैयार करें।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह कवायद सरकार के सुधारों पर केंद्रित रिफॉर्म एक्सप्रेस एजेंडा का हिस्सा है जिसके तहत प्रक्रियाओं को सरल बनाना, कारोबारी सुगमता में सुधार करना और प्रौद्योगिकी-आधारित शासन का दायरा बढ़ाना लक्ष्य है। मंत्रियों से कहा गया है कि वे यह नोट स्वयं तैयार करें और केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उसे पेश कर अपने मंत्रालय की गतिविधियों और सुधार दृष्टिकोण की जानकारी दें। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडलीय सचिवालय ने एक निर्धारित प्रारूप प्रसारित किया है, जिसमें हरेक मंत्रालय को पिछले कुछ वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों के साथ भविष्य की सुधार...शेष पृष्ठ 14 पर

## हिरासत में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत, थाना प्रभारी समेत पुलिसकर्मियों पर मुकदमा

बहराइच। जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर संचालक की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर देहात कोतवाल को मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर संचालक पर इलाके के ही एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस उसे पकड़ कर थाने ल गई। परिजनों का आरोप है जब वे जानकारी के लिए पहुंचे तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें भगा दिया। करीब तीन घंटे बाद रात नौ बजे थाना प्रभारी ने उनकी तबीयत खराब होने की सूचना दी। जानकारी पर संचालक का बेटा व भतीजे जब थाने पहुंचे तो वे बेसुध पड़े थे। जब उन्हें जिला अस्पताल लाया गया तो परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राकेश चंद्र श्रीवास्तव उर्फ गोपाल (55) रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित गोविन्दपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर की दुकान चलाते थे। गुरुवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# शराब घोटाला : अरविन्द केजरीवाल बरी

## मनीष सिसोदिया व 21 अन्य लोगों को भी मिली राहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत देते हुए यहां की एक अदालत ने दोनों नेताओं और 21 अन्य को कथित शराब नीति घोटाला मामले में शुक्रवार को बरी कर दिया और उनके खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। इस मामले में बरी किए गए 21 अन्य आरोपियों में तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता भी शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने जांच में हुई चूक के लिए सीबीआई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि केजरीवाल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं थे, जबकि सिसोदिया के





खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता था। सीबीआई आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। न्यायाधीश ने कुछ भ्रामक कथनों पर जोर दिया और कड़े शब्दों में कहा कि विस्तृत आरोपपत्र में कई कमियां हैं जिनकी पुष्टि सबूतों या गवाहों से नहीं होती है। न्यायाधीश सिंह ने कहा, आरोपपत्र में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

जिला संवाददाता

प्रयागराज/वाराणसी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बटुकों के कथित यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी और कहा कि निर्णय आने तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकार एवं मुकदमा के वादी आशुतोष पांडेय को इस मामले में अपने जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित रख



लिया जिसके मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनाए जाने की संभावना है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले की जांच में पुलिस का सहयोग करेंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अधिवक्ता दिलीप गुप्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता आशुतोष पांडेय काई आपराधिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में जंग शुरू

## पाक ने काबुल, कंधार और दक्षिण-पूर्व में किये हवाई हमले

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि हमारे देश का धैर्य अब जवाब दे चुका है, और अब अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग जारी है।

इस्लामाबाद ने दावा किया था कि अफगानिस्तान की ओर से सीमा पार हमला किया गया है जिसके बाद उसने जवाबी कार्रवाई की और दोनों ओर से हमले शुरू हो गए। इसके उपरांत आसिफ का यह बयान आया है। रक्षा मंत्री न एक्स पर पोस्ट कर कहा, पाकिस्तान को आशा थी कि नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) बलों की वापसी के बाद अफगानिस्तान में शांति कायम होगी और तालिबान अफगानिस्तान की जनता की भलाई



तथा क्षेत्र में स्थिरता पर ध्यान देगा। उन्होंने कहा, हमारा धैर्य अब जवाब दे चुका है। अब हमारे बीच खुली जंग की स्थिति है। आसिफ की टिप्पणियों पर अफगानिस्तान सरकार के अधिकारियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पाकिस्तानी अधिकारियों और अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल, दक्षिण में कंधार और दक्षिण-पूर्व में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### विशेष खबर

## बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में उत्कर्ष-2026 का दूसरा दिन, बीबीडीयू कैम्पस में जगह-जगह अपने कौशल का लोहा मनवाते नजर आये बीबीडियन्स

# बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने दिखाये हुनर और प्रतिभा के विविध रंग

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के तत्वावधान में हो रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 के दूसरे दिन शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने हुनर और प्रतिभा के विविध रंग दिखाये। इस दौरान कैम्पस में जगह-जगह आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का लोहा बीबीडियन्स मनवाते नजर आये। इसमें छात्रों ने तकनीकी, सांस्कृतिक, खेल, साहित्य, होटल मैनेजमेंट, ललित कला और मिस्टर एंड मिस उत्कर्ष-2026 में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने तकनीकी प्रतियोगिताओं में





फोटो: समीर भटनागर



आईकेएस-इंडियन नॉलेज सिस्टम, ट्रेडिशनल टू टेक ऐप डेवलेपमेंट, रोबो मैराथन, रोबोकॉन, लाइन फॉलोअर में अंधेरे में रोबोट रास्ता बनाता है, जिसके ऊपर रोबोट चलते है। पिक एंड प्लेस में रोबोट द्वारा किसी भी प्रकार की वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते है। इसके अलावा लाइट फॉलोअर, रोबोकान, थिंक टैंक आदि आकर्षण के केंद्र रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा सांइलेंट ईकोज-माईम में रामायण एवं घरेलू हिंसा पर आधारित प्रस्तुति दी। लघु नाटिका ड्रामा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# औद्योगिक भविष्य को नयी दिशा देगा सिंगापुर-जापान दौरा

## सिंगापुर, टोक्यो और यामानाशी में उद्यमियों को दिया प्रदेश में निवेश का आमंत्रण

विशेष संवाददाता (vol)

- सीएम ने 60 से अधिक औपचारिक संवादों व कार्यक्रमों में लिया हिस्सा
- ग्रीन एनर्जी, लॉजिस्टिक्स से लेकर सेमीकंडक्टर तक सहयोग के नए रास्ते खुले



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी चार दिवसीय सिंगापुर व जापान की आधिकारिक यात्रा पूर्ण कर शुक्रवार सुबह लखनऊ लौट आए। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरे को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देने वाला बताया। चार दिनों तक निरंतर चले विदेशी दौरे में सीएम योगी का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहा। इस दौरान दोनों देशों में लगभग 60 से अधिक औपचारिक संवाद और कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान तीन बड़े निवेश रोड शो भी आयोजित किए गए, जिसमें एक सिंगापुर में, दूसरा टोक्यो में और तीसरा जापान के प्रमुख प्रांत यामानाशी में संपन्न हुआ। दोनों देशों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल मिलाकर लगभग 450 से 500 निवेशक, उद्योगपति तथा वित्तीय संस्थानों के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए, जो उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर गंभीर और उत्साहित दिखे।

सीएम योगी की इस यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार को 1.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू तथा 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री की इन बैठकों में राज्य की औद्योगिक नीतियों, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, कानून-व्यवस्था और विशाल उपभोक्ता बाजार की विशेषताओं को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।

दौरे के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों और निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी। इनमें ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, स्किल डेवलपमेंट और शहरी अवसंरचना प्रमुख रहे। मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी और संबंधित विभागों को इन निवेश प्रस्तावों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी का यह दौरा न केवल निवेश आकर्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और आर्थिक संभावनाओं को भी नई मजबूती मिली है।

# यामानाशी संग ग्रीन हाइड्रोजन गठजोड़ से यूपी में पड़ी हरित ऊर्जा की नींव

## जापान की ग्रीन एनर्जी तकनीक का मिलेगा प्रदेश के उद्योगों को भारी लाभ | पावर टू गैस तकनीक और स्वच्छ ऊर्जा मॉडल से घटेगा कार्बन | ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा का आधार बनेगा : योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ग्रीन एनर्जी में उत्तर प्रदेश को वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। यामानाशी प्रांत के साथ हुए एमओयू में ग्रीन हाइड्रोजन को सहयोग का केंद्रीय आधार बनाया गया है। इसमें उत्पादन, अत्याधुनिक तकनीकी साझेदारी, अनुसंधान, कौशल प्रशिक्षण और औद्योगिक उपयोग के व्यापक आयाम शामिल हैं।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और नेट जीरो लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है, जो उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का नेतृत्वकर्ता बना सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में अतिरिक्त ऊर्जा विकास के लिए 2,104 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

यामानाशी को ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक के मामले में अग्रणी क्षेत्र माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन ऊर्जा सुविधा केंद्र का दौरा कर पावर टू गैस प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। इस प्रणाली के अंतर्गत सौर और पवन ऊर्जा से उत्पादित बिजली को इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से हाइड्रोजन में परिवर्तित किया जाता है। यह हाइड्रोजन ऊर्जा भंडारण, ईंधन और स्वच्छ परिवहन में उपयोग की जाती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। सीएम योगी ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में भी इस मॉडल को अपनाने की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग का सबसे महत्वपूर्ण पहलू शैक्षणिक और तकनीकी प्रशिक्षण है। समझौते के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी यामानाशी के संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहां वे हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण, सुरक्षा मानकों और औद्योगिक उपयोग की उन्नत तकनीकों के बारे में जानेंगे। इन विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि लौटकर वे प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा परियोजनाओं में इस तकनीक को लागू कर सकें।

आईआईटी कानपुर में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जा रहा है। यह केंद्र अनुसंधान, नवाचार और उद्योग साझेदारी का प्रमुख मंच बनेगा। यहां उत्पादन लागत कम करने, सुरक्षित भंडारण प्रणाली विकसित करने और ग्रीन मोबिलिटी समाधान पर शोध किया जाएगा। इसके माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य अकादमिक शोध को सीधे औद्योगिक उपयोग से जोड़ना है।

उत्तर प्रदेश के प्राकृतिक संसाधन इस पहल के लिए अनुकूल माने जा रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए स्वच्छ जल और अक्षय ऊर्जा आवश्यक है। प्रदेश में प्रचुर जल संसाधन और तेजी से बढ़ती सौर ऊर्जा क्षमता को देखते हुए बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन उत्पादन की संभावनाएं मौजूद हैं। सरकार अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को हाइड्रोजन उत्पादन से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा का आधार बनेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव नीति के अंतर्गत भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए अभी से तैयारी कर रहा है। जापान के साथ तकनीकी सहयोग से प्रदेश को वैश्विक मानकों वाली तकनीक और विशेषज्ञता प्राप्त होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशिक्षण, अनुसंधान और औद्योगिक उपयोग की यह त्रिस्तरीय रणनीति उत्तर प्रदेश को देश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाला बनाएगा। यामानाशी के साथ यह साझेदारी केवल एक समझौता नहीं, बल्कि हरित और स्वच्छ ऊर्जा आधारित औद्योगिक भविष्य की ठोस नींव के रूप में देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश ने ग्रीन हाइड्रोजन की दिशा में ठोस कदम उठाने की शुरूआत पहले ही कर दी है। गोरखपुर जिले खानीपुर गांव में देखने को मिला जहां प्रदेश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर चुके हैं। यह परियोजना देश के सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में अब तक की सबसे बड़ी ग्रीन हाइड्रोजन और प्राकृतिक गैस मिश्रण की पहल है। इस संयंत्र के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन को सीएनजी और पीएनजी में मिलाकर घरेलू उपभोक्ताओं उद्योगों और परिवहन क्षेत्र तक पहुंचाया जा रहा है। अनुमान है कि इससे हर वर्ष लगभग 500 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। यह पहल बताती है कि उत्तर प्रदेश केवल भविष्य की योजनाओं की बात नहीं कर रहा बल्कि वर्तमान में भी ठोस परिणाम दे रहा है।

# राज्यपाल ने दिव्यांगजनों को वितरित किये व्हीलचेयर व अन्य आवश्यक उपकरण

विशेष संवाददाता (vol)

- राज्यपाल द्वारा विवेकाधीन कोष से सेवा कार्य के लिए समर्पित बस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**लखनऊ/गाजीपुर।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को गाजीपुर के पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों, उनके परिजनों एवं महिलाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने संवाद स्थापित कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और दिव्यांगजनों को रिफ्रेशमेंट एवं व्हीलचेयर व अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए।

राज्यपाल ने बच्चों से उनकी शिक्षा, रुचियों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिव्यांगता किसी की प्रतिभा और क्षमता में बाधा नहीं बन सकती। दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा तारे जमीन पर गीत पर भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसे राज्यपाल द्वारा सराहा गया।

इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा विवेकाधीन कोष से सेवा कार्य के लिए समर्पित बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, युवा समाजसेवी सिद्धार्थ राय एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया मां पूर्णागिरी मेले का शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता



**चम्पावत (उत्तराखंड)।** हिमालय की गोद में अवस्थित पूर्णागिरि धाम में वार्षिक पूर्णागिरि मेले का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूजा-अर्चना और दर्शन के साथ किया। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और समग्र विकास का संगम है, जो देवभूमि की सांस्कृतिक चेतना को जीवंत करता है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्णागिरि धाम कुमाऊं क्षेत्र की आध्यात्मिक पहचान का केंद्र है, जहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यहां की शांत वादियां और पवित्र वातावरण श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस धाम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर वर्षभर सक्रिय रहने वाले प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। मेले की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्थायी ढांचागत विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संपर्क मार्गों का चौड़ीकरण, पार्किंग स्थलों का विस्तार, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाएं और यात्री विश्राम गृहों का निर्माण प्राथमिकता में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिर सर्किट के अंतर्गत कुमाऊँ के प्रमुख मंदिरों का समग्र विकास किया जा रहा है। इस योजना से मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं का उन्नयन और बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने पूर्णागिरि धाम को आसपास के धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों से जोड़ते हुए एक विशेष पर्यटन सर्किट विकसित करने की घोषणा की। इस सर्किट में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे चम्पावत जिला श्रद्धा और रोमांच का साझा केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने श्यामलाताल के सौंदर्यीकरण के लिए पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने की जानकारी भी दी। झील क्षेत्र को आकर्षक पर्यटन स्थल और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे पर्यटन की विविध संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र के व्यापक कायाकल्प के लिए छह महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए सौंदर्यीकरण, सड़क सुधार, भव्य प्रवेश द्वार निर्माण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री अजय टमटा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ओबीसी योजनाओं व आरक्षण संबंधी विषयों पर समीक्षा



- उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक शुक्रवार को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली एवं आयोग के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उत्थान एवं विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ओबीसी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि योजनाओं का लाभ पात्र वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंचे। आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग को नियुक्ति एवं शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण दिए जाने से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर भी चर्चा की। इसके साथ ही जातियों के सम्मिलन एवं निष्कासन से संबंधित प्राप्त प्रत्यावेदनों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को मिल रहा है या नहीं, इसकी जनपदवार समीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने पर सहमति बनी। आयोग ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और आयोग इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

# आठ गुना तक बढ़ा आजीविका मिशन का दायरा, 826 विकास खंडों तक पहुंचा मिशन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की तस्वीर तेजी से बदल रही है। पहले जहां स्वयं सहायता समूहों की योजनाएं सीमित विकास खंडों तक सिमटी थीं, वहीं अब यह मिशन राज्य के हर कोने में पहुंच चुका है। वर्ष 2013-14 से लेकर 2016-17 तक यह योजना केवल 104 विकास खंडों तक सीमित रही थी। लेकिन मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अब इसे प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों तक विस्तार मिला है। यानी दायरा आठ गुना तक बढ़ चुका है।

योगी सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ रही है। इसके जरिए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अब तक एक करोड़ छह लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। कपड़ा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, सौंदर्य उत्पाद और ऑर्गेनिक खेती जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों का प्रशिक्षण पाकर महिलाएं अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई पहचान बन रही हैं। प्रदेश की महिलाएं अब रोजगार की आकांक्षी नहीं, बल्कि रोजगार सृजन की परिचायक बन चुकी हैं। योगी सरकार का लक्ष्य हर ग्राम पंचायत में ऐसी महिलाओं का उद्यमी नेटवर्क विकसित करना है, जो न केवल खुद कमाए, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण दे। महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सहायता, विपणन समर्थन और प्रशिक्षण सुविधाएं देने से ग्रामीण आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। विभिन्न जिलों से जुड़े महिला समूह अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिये अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहे हैं। यूपी में महिला उद्यमिता का यह विस्तार सरकार की विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश दृष्टि को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# अनुदान पर कृषि यंत्र पाने के लिए 4 मार्च तक एग्रीदर्शन पोर्टल पर करें आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने की किसानों से लाभ उठाने की अपील

**लखनऊ।** योगी सरकार ने होली के पर्व पर प्रदेश के किसानों को एक बड़ा उपहार दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के नेतृत्व में कृषि विभाग द्वारा 'सशक्त किसान, समृद्ध उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करते हुए विभिन्न कृषि योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों, कस्टम हायरिंग सेंटर और कृषि ड्रोन आदि पर अनुदान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन, फार्म मशीनरी बैंक एवं अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके साथ ही, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन के उपकरण और त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बैच ड्रायर एवं मेज शेलर के लिए भी बुकिंग की जा सकती है। इच्छुक किसान इन कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों के लिए विभागीय वेबसाइट एग्रीदर्शन डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर किसान कॉर्नर के अंतर्गत 'यंत्र बुकिंग प्रारंभ' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह बुकिंग प्रक्रिया 25 फरवरी की दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होकर 04 मार्च की रात्रि 12:00 बजे तक जनपदवार की जाएगी। यंत्रों का विवरण, बुकिंग और अनुदान प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। लाभार्थियों का चयन और बुकिंग टोकन कंफर्म होने की तिथि से कृषि यंत्र क्रय कर, क्रय रसीद, यंत्र की फोटो एवं संबंधित अभिलेख अधिकतम 10 दिन अथवा उससे पूर्व विभागीय पोर्टल तथा यूपी यंत्र ट्रैकिंग डॉट इन पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# क्वांटम कंप्यूटिंग क्षेत्र में यूपी को अग्रणी बनाने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस पहल के संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते डीप टेक क्षेत्र में प्रदेश मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करेगा। इस पहल में आईबीएम और आईआईटी कानपुर के साथ त्रिपक्षीय सहयोग मॉडल पर काम करने को लेकर बात आगे बढ़ने की संभावना बनती दिख रही है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित आईबीएम एआई जीओवीटेक इनोवेशन सेंटर के उद्घाटन अवसर पर कहा था कि देश का पहला कंप्यूटर आईआईटी कानपुर में स्थापित हुआ था, जिससे उत्तर प्रदेश का तकनीकी इतिहास जुड़ा है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश अब क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में नई शुरूआत करना चाहता है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि आईबीएम, आईआईटी कानपुर और राज्य सरकार मिलकर कार्य करें तो क्वांटम टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय स्तर का केंद्र विकसित किया जा सकता है। राज्य सरकार ने पहले ही रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी और मेडटेक जैसे क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की दिशा में बजट प्रावधान किए हैं। वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में कई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यरत हैं। इसी क्रम में क्वांटम कंप्यूटिंग को अगला रणनीतिक क्षेत्र माना जा रहा है। आईआईटी कानपुर परिसर में क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए आवश्यक अवसंरचना उपलब्ध कराने और उद्योग जगत के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उत्तर प्रदेश में क्वांटम अनुसंधान और परीक्षण सुविधाएं विकसित होती हैं तो इससे उच्च स्तरीय शोध, स्टार्टअप इकोसिस्टम और वैश्विक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही तकनीकी क्षेत्र में युवाओं के लिए नए कौशल और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को डीपटेक और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाना है। क्वांटम कंप्यूटिंग की दिशा में उठाया गया यह कदम उसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। क्वांटम कंप्यूटिंग पारंपरिक कंप्यूटर से भिन्न तकनीक पर आधारित है। जहां सामान्य कंप्यूटर बिट पर आधारित होते हैं और प्रत्येक बिट का मान शून्य या एक होता है। इसके विपरीत क्वांटम कंप्यूटर क्यूबिट का उपयोग करते हैं, जो एक ही समय में शून्य और एक, दोनों अवस्थाओं में रह सकते हैं। इसे सुपरपोजिशन कहा जाता है। क्वांटम कंप्यूटिंग इकोसिस्टम से प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्नत अनुसंधान के केंद्र के रूप में स्थापित होगा। क्वांटम तकनीक में काम करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां और टेक दिग्गज प्रदेश में निवेश करने को आकर्षित होंगे। डीप टेक आधारित स्टार्टअप, विशेषकर साइबर सुरक्षा, एआई, फिनटेक और हेल्थटेक क्षेत्र में तेजी से विकसित होंगे। क्वांटम शोध, इंजीनियरिंग, डाटा साइंस और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में उच्च वेतन वाले रोजगार के अवसर पैदा होंगे। आईआईटी कानपुर और अन्य तकनीकी संस्थानों को वैश्विक शोध सहयोग और प्रोजेक्ट मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

# मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि के लिए समन्वित मंच होगा उपलब्ध

## मीन महोत्सव से राज्य में मत्स्य पालन को औद्योगिक स्तर पर विकसित करने में मिलेगी मदद : डा. संजय कुमार निषाद

विशेष संवाददाता (vol)



- दो दिवसीय उप्र मीन महोत्सव एवं एक्वा एक्सपो 2026 का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विभाग के तत्वावधान में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पहली बार दो दिवसीय मीन महोत्सव (एक्वा एक्सपो) का शुभारम्भ केंद्रीय राज्यमंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी और पंचायतीराज प्रो. एसपी सिंह बघेल एवं उप्र के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने किया। एक्सपो में देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 1000 मत्स्य पालक सम्मिलित हुए। 50 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा औद्योगिक प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाये गये। बैनर, पोस्टर, स्टैण्डी, हैण्ड बिल्स, साहित्य, ब्रोशर, पैम्पलेटस, एलसीडी प्रोजेक्टर, पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन वेबकास्टिंग/यूट्यूब चैनल आदि द्वारा उप्र के समस्त 75 जिलों में मत्स्य पालकों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। विभिन्न प्रकार के मत्स्य व्यंजनों का फिश फूड कोर्ट एवं प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि, उन्नत पशुपालन एवं उन्नत मत्स्य पालन से ही सम्भव है। मंत्री द्वारा कृषि दर पर मत्स्य पालकों को बिजली की आपूर्ति एवं उप्र में एनएफडीबी के सेंटर खोलने की दिशा में कार्य करने के लिए कहा गया। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय निश्चित रूप से दोगुनी हो सकती है। उन्होंने इस आयोजन के लिए उप्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस एक्सपो से मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रसार, उद्यमिता संवर्द्धन तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि हेतु समन्वित मंच उपलब्ध हो रहा है, जिससे जमीनी समस्याओं के समाधान वैज्ञानिक एवं नवीन तकनीकी नवाचारों को व्यवहारिक रूप से समझने, मत्स्य पालन को अधिक लाभकारी बनाने और एक्वा पर्यटन को बढ़ावा देने पर बल मिलेगा।

प्रदेश के मत्स्य मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार और राज्य के मत्स्य पालकों के प्रयासों से मत्स्य पालन में उत्तर प्रदेश भारत का तीसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक राज्य बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मछली में विकास दर 115.5 प्रतिशत है। राज्य का वार्षिक मत्स्य उत्पादन गत 06 वर्षों में दोगुना होकर 13.3 लाख मीट्रिक टन हुआ है। अमृत सरोवरों को मछली पालन योग्य बनाने, तालाबों के पट्टे समय से दिलाने तथा मत्स्य पालन में विज्ञान एवं तकनीकी के उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है। अनुदान के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान देकर मत्स्य पालकों के विकास एवं सशक्तीकरण तथा उप्र में एनएफडीबी के सेंटर खोलने की दिशा में कार्य करने के लिए कहा गया। सरकार के प्रयासों से विजन-2047 में उप्र अंतर्देशीय मत्स्य पालन में प्रथम राज्य बन जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में मत्स्य विभाग के लिए पहली बार बड़े उपहार की सौगात दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार मीन महोत्सव-2026 (एक्वा एक्सपो 2026) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य एवं राज्य के बाहर से मत्स्य उद्यमी, निवेशक के साथ-साथ वैज्ञानिक, प्रोफेसर, विशेषज्ञ, राज्य एवं केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री, अधिकारीगण भी सम्मिलित हुए।

# जर्मनी प्रवास से लौटे केशव, प्रदेश में निवेश बढ़ाने का संकल्प

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी के सफल एवं उद्देश्यपूर्ण प्रवास के उपरांत आज भारत लौट आए। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया।

जर्मनी प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग जगत के अग्रणी लीडर्स, निवेशकों एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ सार्थक एवं परिणामोन्मुखी संवाद किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की उद्योग अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, बेहतर बुनियादी ढांचे, विकसित हो रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश आज देश का सर्वाधिक संभावनाओं वाला राज्य है, जहां विनिर्माण, अवसंरचना, टरटए, कृषि आधारित उद्योग, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स एवं नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

प्रदेश सरकार निवेशकों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत त्वरित अनुमतियां, भूमि उपलब्धता, नीतिगत प्रोत्साहन एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जर्मनी के उद्योग प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक रुचि व्यक्त की है। यह प्रवास प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगामी दिनों में प्रदेश को विकास के नए आयामों की ओर अग्रसर करने के लिए निरंतर कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# नाली के विवाद में वकील के भाई की पीटकर हत्या



बांसगांव, गोरखपुर। बांसगांव कस्बे में नाली बनाने की बात को लेकर हुए विवाद में अधिवक्ता के भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। विवाद में मृतक अग्निवेश के अधिवक्ता भाई और पिता भी घायल हो गए है। घटना के बाद इलाके में तनाव के हालात बने हुए है। वहीं, दूसरे पक्ष का भी एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है, जिसका इलाज नजदीकी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत के वार्ड नबर 10 निवासी सुनील सिंह एवं दूसरे पक्ष संजय सिंह उर्फ किलनी सिंह का मकान अगल बगल है। बगल के एक भू खंड को लेकर दोनो के बीच विवाद चल रहा। विपक्षी का उसी रास्ते आना जाना भी हो रहा है। विपक्षी जल निकासी के लिए उसी रास्ते वाली जगह के नीचे पाइप डालकर मुख्य नाले में मिलाने की तैयारी कर रहा था। नाली बनाने की बात को लेकर ही दोनो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों से लाठी-डंडे चलने लगे। विवाद हिंसक झड़प में बदल गई। मारपीट में घायल अधिवक्ता के भाई को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अग्निवेश सिंह (38) वर्ष पुत्र सुनील सिंह के रूप में हुई है। मृतक के भाई नीतीश सिंह (अधिवक्ता) और पिता सुनील सिंह भी इस हमले में घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं, दूसरे पक्ष से भी एक व्यक्ति घायल है जिन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।मृतक के भाई नीतीश सिंह ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने अग्निवेश को घेरकर बेरहमी से पीटा। उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष के सौरभ सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौके पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी सीओ अनुज कुमार सिंह, एसडीएम प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने कोतवाल जितेंद्र सिंह को निर्देश दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है और वे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## स्कूल के लिए निकली छात्रा वापस नहीं पहुंची घर केस दर्ज

सरहरी ,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली एक अल्प ब्यस्क छात्रा शुबह स्कूल के लिये निकली मगर शाम को समय से घर न पहुंचने पर परिजन इधर उधर ढूढ़ने का प्रयास किये मगर कुछ पता न चलने पर थक हार कर लिखित तहरीर चिलुआताल पुलिस को देकर घटना से अवगत कराया पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है किशोरी के पिता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरी पन्द्रह वर्षिय बेटी एक स्कूल की कक्षा नौ की छात्रा है 23 / 2 / 26 को शुबह मेरी बेटी स्कूल जाने के लिये निकली मगर शाम को शाम तक समय से घर न पहुचने पर इधर उधर ढूढने का प्रयास किया गया मगर कुछ सफलता न मिलने पर स्कूल में पता किया गया तो पता चला कि वह तीन बजे ही घर के लिये चली गयी थी मुझे शक है कि गाँव का ही एक लड़का बिकाश पुत्र शेषनाथ उसे बहला फुसला कर कही लेकर चला गया है पुलिस केस दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## छात्राओं के लिए कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



इटावा। नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बीबीए व बीसीए के छात्र, छात्राओं के लिये कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन कराया गया जिसमे स्मार्ट डेकोर कम्पनी ने नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स कैम्पस में उपस्थित होकर छात्र, छात्राओं का चयन लिखित एवं मौखिक परीक्षा के द्वारा किया। नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमेन इं. अंकित तिवारी उपस्थित रहे तथा लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र, छात्राओं को साक्षात्कार कैसे फेस किया जाये के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के वारे में वताया जिससे अधिक से अधिक छात्र, छात्राओं का चयन हो सके। नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्राचार्य योगेश कुमार ने इस कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव के लिये छात्र, छात्राओं को प्रोत्साहित किया और दोनो परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुये चयनित छात्र, छात्राओं को बधाई दी और कहा कि नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऐसे कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव आने वाले वर्शो में निरन्तर कराता रहेगा जिससे नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के छात्र, छात्राये अपने उन्नत भविश्य का निर्माण कर सके कैम्पस प्लेसमेन्ट कुल 50 छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमे कम्पनी द्वारा 14 छात्र, छात्राओं को चयनित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल वनाने में बीबीए विभागाध्यक्ष अनुरूद्व यादव, योगेश वर्मा, स्वेता सिह, सुमनलता बीसीए विभागाध्यक्ष राहुल पाल, ईशा, अभिशेक मिश्रा, जयन्त यादव डीएलएड विभागाध्यक्ष योगीराज पुरवार व चन्द्र कुमार विशेश योगदान दिया।

## धूम धाम से निकली बाबा श्याम की भव्य निशान शोभा यात्रा

गोला,गोरखपुर। उपनगर गोला में श्री श्याम भक्त मण्डल गोला ट्रस्ट द्वारा आयोजित पंचम फाल्गुन महोत्सव में शुक्रवार को भव्य निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।जिसमे नगर की श्रद्धालु महिलायें बच्चें पुरुष पिले वस्त्र को धारण किये हुए हाथों में श्याम बाबा की रंग बिरंगी ध्वजा लिए डीजे व ढ़ोल पर मधुर भजनों के साथ लोग नाचते गुनगुनाते झूमते और श्याम बाबा का जयकारा लगाते हुए यात्रा श्री राम जानकी मंदिर लोहा मंडी से प्रारम्भ हो कर बेवरी चौराहा पुनः सराय मेन चौक मछली हट्टा गौशाला होते हुए चंद चौराहा से पुनः श्री रामजानकी मंदिर लोहा मंडी पर आकर संपन्न हुई।नगर वासियो द्वारा शोभायात्रा पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर होली खेली गयी व श्रद्धालु भक्तगणों द्वारा जगह जगह पर जलपान आदि की भी व्यवस्था की गयी थी।जहा बाबा श्याम की दिव्य आरती कर लोगों में प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन श्री श्याम भक्त मण्डल गोला ट्रस्ट के सभी सदस्य आकाश अग्रवाल विशाल विनय विनोद डब्लू परशुराम अजय किशन सक्षम सुरेंद्र रामबाबू मुकेश राज सोनकर विपिन प्रजापति शिवम मोदनवाल ध्रुव आर्यन पंकज गुप्ता कृष्णा मद्धेशिया दिलीप शुभम अमर सौरभ अभय साहू सुंदरम मनीष नीलेश राय चंद्रभान वर्मा विशाल चंद विक्की चौरसिया पटटू जायसवाल गोपाल सहित नगर के बहुत सारे श्याम प्रेमी शोभा यात्रा में शामिल रहे।

## बेटी की शादी की खुशियां मातम में बदलीं
## कार्ड बांटकर लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत



**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के भैंसहां गांव निवासी 49 वर्षीय राजनरायन सिंह की सड़क दुर्घटना में हुई मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह गुरुवार को अपनी इकलौती बिटिया की शादी का निमंत्रण कार्ड वितरण कर गोरखपुर लौट रहे थे, तभी खलीलाबाद के पास मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद उन्हें तत्काल बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार की सुबह उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

बताया जा रहा है कि उनकी पुत्री की शादी आगामी 11 मार्च को निर्धारित थी। घर में जहां शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहीं इस आकस्मिक घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। बेटी पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। राजनरायन सिंह के परिवार की पृष्ठभूमि भी बेहद मार्मिक रही है। लगभग 20 वर्ष पूर्व उनकी पहली पत्नी की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिससे एक पुत्र और एक पुत्री हैं। दूसरी पत्नी से एक बच्ची थी, जिसकी भी पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। अब परिवार में पुत्र सोनू, जो वर्तमान में इटली में रहकर आजीविका चला रहे हैं, को पिता के निधन की सूचना दी गई है। घटना की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र के लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचने लगे। गांव में शोक का माहौल है और हर आंख नम दिखाई दे रही है। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, परिवार पर टूटे इस वज्रपात से गांव में नियति की विडंबना की चर्चा हो रही है–जिस पिता ने अपनी बेटी की खुशियों के लिए निमंत्रण बांटा, वही उसकी शादी से पहले दुनिया से विदा हो गया।

## मंत्री ने कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा

इटावा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग की समीक्षा की गई, जिसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वाहन चोरी में 11 लोगों पर कार्यवाही की गई एवं सड़क सुरक्षा के लिए 11 ब्लैक स्पॉट्स बनाए गए। 2412 संदिग्ध मोबाइल नम्बर को ब्लॉक कराया गया। साइबर अपराध, साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। जनसुनवाई पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है एवं आईजीआरएस में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। मिशन शक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत जन चैपाल लगाई गई एवं 28 महिला अपराधी को सजा दिलाई गई। ऑपरेशन कनविक्शन में 86 अभियुक्तियों को सजा दिलाई गई। 528 पीड़िताओं कि काउंसलिंग कराई गई, 6 महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाई गई एवं 113 महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट से लाभान्वित किया गया। ऑपरेशन मुस्कान में 26 बालिकाओं, महिलाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त सीएचसी एवं पीएचसी केन्द्रों पर सभी डॉ. व उनके नाम, डॉ. के मोबाइल नंबर, दवाई एवं उनके बैठने के समय की सूची बनाकर चस्पा की जाए, जिससे मरीजों को भटकना न पड़े। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गगहा के होनहार बेटे ने रचा इतिहास

गगहा,गोरखपुर। कड़ी मेहनत, संघर्ष और अटूट विश्वास जब एक दिशा में केंद्रित हो जाएं तो सफलता कदम चूमती ही है। गगहा क्षेत्र के हटवा गांव निवासी होनहार युवा डॉ. सचिन सिंह ने यही साबित कर दिखाया है। उन्होंने नेट पी जी 25 में शानदार सफलता हासिल करते हुए डा राजेन्द्र प्रसाद गवर्मेंट मेडिकल कालेज में एमएस (ईएनटी) में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. सचिन सिंह एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता श्री मनोज सिंह ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बेटे की पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी। माता श्रीमती सुमन सिंह के संस्कार और आशीर्वाद ने हर कदम पर संबल दिया। आर्थिक चुनौतियों के बीच पले-बढ़े सचिन ने संघर्ष को अपनी ताकत बना लिया। इस उपलब्धि को और खास बनाता है उनका जज्बा। वे जिला अस्पताल हमीरपुर में मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहे थे। व्यस्त ड्यूटी, सीमित समय और कठिन दिनचर्या के बावजूद उन्होंने फनेट पी जी की तैयारी जारी रखी। दिन अस्पताल में मरीजों की सेवा और रात लक्ष्य की ओर समर्पित अध्ययन – यही उनकी सफलता का मूल मंत्र रहा। डॉ. सचिन सिंह ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया है। उनका कहना है कि वे भविष्य में ईएनटी विशेषज्ञ के रूप में जरूरतमंद और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सेवा प्रदान करना चाहते हैं। उनकी इस सफलता से परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। गांव ही नहीं, पूरे गगहा क्षेत्र में गर्व की लहर है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बताया है। संघर्ष से शिखर तक की यह कहानी बताती है कि सपनों की उड़ान संसाधनों से नहीं, संकल्प से तय होती है।

## अधिवक्ताओं ने होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया

इटावा। बटवृक्ष धाम मंदिर पर वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद दुबे ने होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं बदकारियों तथा कचहरी से जुड़े तमाम लोगों ने एक दूसरे के गुलाल अबीर लगाकर होली मिलन किया तथा बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया उक्त कार्यक्रम 2 घंटे तक निर्वाचित रूप से चला रहा वैसे आज कचहरी में काफी चहल-पहल दिखाई दी क्योंकि कल से न्याय पालिका 5 दिनों तक के लिए बंद रहेगी कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबल प्रताप सिंह, मनोज कुमार दीक्षित, राजीव तिवारी, मनोज कुमार दुबे, महेश चंद्र संजय दुबे, असित कुमार सौरभ यादव आलोक राजपूत विद्याराम कुशवाहा हाकिम सिंह राजपूत आदि तमाम लोग थे ।

## कोतवाली में होली ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक



इटावा। रमजान होली व ईद त्योहारों को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें शहर के गणमान्य व हिन्दू व मुस्मिलों ने भग लिया। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान होली तीन को रात को 9 10 के बीच जलेगी और चार तारीख का रंग खिलेगा। होली जलने के दौरान सभी जगहों पर पुलिस तैनात रहेगी जिस दिन रंग खिलेगा उस दिन सभी चैराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। शहर के सभ्रांत नागरिकों को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह ने कहा कि त्योहारों पर सभी लोग मिल जुलकर मनाएं। उन्होंने बिजली अधिकारियों को भी कहा कि जहां जहां होली जलती है वहां के आसपास तारों के ऊपर कर दें जिससे किसी प्रकार की कोई हानि न हो। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को कोई दिक्कत दिखे तो वह मेरे मोबाइल नं.9454403276 पर सूचना दकर अवगत कराए जिससे उस समस्या का निदान हो सके। उन्होंने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में लगभग 105 जगहों पर होली जलायी जाती है। मुख्य रूप से पुरविया टोला, तलैया मैदान, जटपुरा, लोधी मुहल्ला, अकालगंज, अस्तल बराही टोला आदि जगहों पर जलायी जाती है। पीस कमेटी में मौजूद शहर के तमाम हिन्दू मुस्लिम भाइयों ने कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह को अस्वस्त किया हम सभी लोग त्योहार आपस में मिलकर जुलकर मनाते आए है आगे भी हसी खुशी से त्योहार मनाएंगे। पीस कमेटी बैठक में पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षित, चैधरी मुमताज, इसरार अहमद, गुलशेर, मीतू सरदार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने ज्ञान मंदिर कालेज का निरीक्षण किया

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश-निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित वितरण-संग्रहण की व्यवस्था का अवलोकन किया। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा कक्षों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किए गए।

## डुमरियागंज में होली, रमजान को लेकर रूट मार्च



सिद्धार्थनगर- आगामी होली और रमजान/ईद-उल-फितर के मद्देनजर सिद्धार्थनगर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को डुमरियागंज कस्बे में रूट मार्च किया। यह रूट मार्च थाना डुमरियागंज पुलिस बल के साथ निकाला गया। इसका उद्देश्य आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाना और उनसे आपसी सौहार्द व शांति बनाए रखने की अपील करना था। अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा और प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज प्रकाश यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट के स्ट्रांग रूम में पहुंची पंचायत चुनाव सामग्री



सिद्धार्थनगर- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई चुनाव सामग्री जिलाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाई गई। एक ट्रक के माध्यम से बैलेट पेपर, एजेंट कार्ड और अन्य आवश्यक प्रस्तावनावली जिला मुख्यालय लाई गई। प्रशासनिक कर्मचारियों ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सामग्री को सावधानीपूर्वक ट्रक से उतारा और स्ट्रांग रूम में व्यवस्थित किया। सूत्रों के अनुसार, इस सामग्री में बैलेट पेपर, एजेंट कार्ड, चुनाव से जुड़े विभिन्न प्रपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज शामिल हैं, जिनका उपयोग मतदान प्रक्रिया में किया जाएगा। हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी तक पंचायत चुनाव की तिथि की औपचारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन सामग्री के पहुंचने से प्रशासनिक तैयारियां तेज होने का संकेत मिला है। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम को सील कर नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे। चुनाव सामग्री के पहुंचने के बाद जिले में पंचायत चुनाव को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग चुनाव की संभावित तिथि को लेकर कयास लगा रहे हैं। गांवों में चुनावी माहौल बनना शुरू हो गया है और उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ संपर्क बढ़ा रहे हैं।

## होली-रमजान शांतिपूर्ण संपन्न कराने को पुलिस-प्रशासन ने बनायी रणनीति



सिद्धार्थनगर- खेसरहा थाना परिसर में आगामी होलिका दहन, होली, रमजान माह और ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बाँसी शुवेन्दु सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी बाँसी निखिल चक्रवर्ती की उपस्थिति में हुई।बैठक में दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी सहयोग, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहने की अपील की। क्षेत्राधिकारी बाँसी ने बताया कि त्योहारों के दौरान पुलिस संवेदनशील स्थानों पर विशेष गश्त, पिकेट और पेट्रोलिंग की व्यवस्था करेगी। वहीं, उपजिलाधिकारी बाँसी ने नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। धर्मगुरुओं ने भी त्योहारों को शांति, प्रेम और आपसी भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। बैठक में पुलिस-प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर सहमति बनी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों और उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित लोगों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का आश्वासन दिया।

## पैथोलॉजी प्रभारी पर रिश्वत लेने का आरोप, मंत्री से की शिकायत
### दिव्यांग महिला से एक हजार रुपये मांगे

इटावा। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में एक दिव्यांग महिला से कथित तौर पर एक हजार रुपये की रिश्वत लेकर गांठ सूजन जांच रिपोर्ट देने का मामला सामने आया है। यह शिकायत उस समय सार्वजनिक हुई जब प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री धर्मवीर सिंह अस्पताल पहुंचे हुए थे। महिला ने सीधे मंत्री के सामने आरोप लगाया, जिसके बाद तत्काल जांच के निर्देश दिए गए। इटावा मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान उस समय माहौल बदल गया जब इकदिल क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी निवासी दिव्यांग मीरा ने प्रभारी मंत्री धर्मवीर सिंह के सामने अपनी शिकायत रखी। मीरा ने पैथोलॉजी प्रभारी डॉ. नीतू सिंह पर आरोप लगाया कि उनसे जांच रिपोर्ट देने के नाम पर एक हजार रुपये लिए गए। मीरा ने बताया कि पैसे लेने के बाद भी उसे रिपोर्ट नहीं दी गई। वह कई बार अस्पताल के चक्कर लगा चुकी है, लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। दिव्यांग होने के कारण उसके लिए बार बार अस्पताल आना काफी मुश्किल साबित हो रहा है। उसने कहा कि जांच के नाम पर उससे अवैध रूप से पैसे वसूले गए। मामला सामने आते ही प्रभारी मंत्री धर्मवीर सिंह ने इटावा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. सिंह को तत्काल प्रभाव से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## खुशनुमा माहौल में अदा हुई दूसरे जुमे की नमाज



**इटावा।** रमजान उल मुबारक के दूसरे जुमे की नमाज हजारों रोजेदार मुसलमानों ने शहर की विभिन्न मस्जिदों में उत्साह से अदा की और मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ मांगी।

नमाज के दौरान पुलिस की व्यवस्था चाक चैबंद रही वहीं नगर पालिका परिषद की ओर से सभी मस्जिदों के आसपास साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कलई आदि का छिड़काव कराया। रोजेदारों और मुसलमानों ने रमजान के दूसरे जुमे की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दीं थीं, मुस्लिम समाज के बुजुर्ग, नवयुवक और बच्चों ने जहां शहर की विभिन्न मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा की वहीं महिलाओं ने अपने अपने घरों पर जुमे की नमाज अदा की। शाही मस्जिद नोरंगबाद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद लालपुरा, मस्जिद चैखर कुआं, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद हिसामुद्दीन, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद अक्सा रामगंज ढाल, मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाकी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद कचहरी, मस्जिद साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अड़ाड़ स्टेशन रोड सहित अनेक मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा हुई। नमाज के बाद रोजेदारों सहित हजारों नमाजियों ने मुल्क में अमनचैन की दुआ की।

**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड :**
निम्न सबस्टेशनों की स्क्रैप विक्रय हेतु ई-नीलामी के लिए बोलियाँ आमंत्रित करता है -:

220 के.वी. सब स्टेशन भरथना, जिला-इटावा (उ.प्र.)
ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 13.03.2026

* ई-ऑक्शन वर्तमान दशा (**'as is where is'**) के आधार पर एक लॉट में **M.S.T.C** के माध्यम से किया जाएगा। * **स्क्रैप का स्थल-:** * 220के.वी. उपकेन्द्र, भरथना, इटावा * ई-ऑक्शन विवरण :- * ई-ऑक्शन सं.-MSTC/LKO/UPPTCL/14/Etawah/25-26/65408 * नीलामी सूची तथा अन्य नियम व शर्तें www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है। * नीलामी से सम्बन्धित जानकारी और संशोधन (यदि कोई हो तो) केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे। * सम्बन्धित अधिकारियों की संपर्क सूचना :-* rachit.maurya@upptcl.org/मो.नं. 8874203563

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**
**(पत्रांक : 2210, दि. 27.02.2026)**

## जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



मेरठ। जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार, जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह एवं एसएसपी अविनाश पांडे द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने चिकित्सालय वार्ड, महिला बैरक आदि का निरीक्षण किया। उन्होने कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व एसएसपी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढाई, दवाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) में बच्चो को दी जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नम्रता सिंह प्रथम, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह तथा नारी निकेतन का स्टॉफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2026 ईमेल पता- dycmmcb15@gmail.com**
**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56265156 | Traction Motor with pinion of make Alstom for 3-Phase MEMU with Alstom (erstwhile Bombardier) propulsion system. Alstom part No.3EJD000001-1504. Make: ALSTOM or equivalent. | 06 Nos | 28.03.2026 |

**निविदा शर्ते**- **1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **676/2026**
**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, तकनीकी, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना : 19/S.E.(TECH.) /2025-26,
वि०आ०सं०–568, दिनांक 27.02.2026
कार्य का नाम : अधिशासी अभियन्ता, 33 के०वी० जानकीपुरम क्षेत्र के कार्य क्षेत्रान्तर्गत विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने हेतु 33 के०वी० व 11 के0वी0 विद्युत लाइन में होने वाले अण्डरग्राउण्ड फाल्ट डिटेक्शन/रेक्टीफिकेशन सम्बन्धी कार्य 12 माह हेतु ।
ई–निविदा प्रपत्र शुल्क : 3540 | धरोहर राशि : रू0 97000
ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 16 मार्च 2026, 12.00 बजे
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

## संक्षेप

**शक्ति मोबाइल टीम ने किया जागरूक**

जौनपुर। शक्ति मोबाइल के तहत बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए शुरू किया गया है।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और उपलब्ध संसाधनों के बारे में जागरूक करना है। शक्ति मोबाइल टीम द्वारा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गयी। महिलाओं के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया जा रहा है। जहाँ वे किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की शिकायत कर सकती हैं। विभिन्न माध्यमों जैसे कि पोस्टर, ब्रोशर, और सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के संदेश फैलाए जा रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है, समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना है।

**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तीन दुकानों का लिया नमूना**

हलिया, मीरजापुर। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एन एन झा के निरीक्षण में सोठिया के एक डेरी फार्म से दूध का सैंपल लिया तथा लालगंज में 6 दुकानों के निरिक्षण में दो दुकानों से नमूना लिया गया है।टीम के दौड़े की भनक लगते ही हलिया कस्बा के दर्जनों दुकानदार शटर गिराकर मालिक फरार हो गए टीम सबसे पहले सोठिया स्थित एक डेरी फार्म पर पहुंचे जहां दूध का सैंपल लिया गया यहाँ खोवा नहीं बनता पाया गया।इसके बाद टीम हलिया कस्बा में छापामारी की लेकिन सोठिया पहुंचते ही लोगों को इसकी भनक लग गई जिसके कारण कस्बे में दर्जनों खाद्यान्न की दुकानों का शटर गिरा कर मालिक भाग खड़े हुए घंटों जांच टीम भटवारी, हथेडा, आदि जगह चक्कर लगाती रही लेकिन किसी का शटर नहीं खुला टीम को पहुंचते ही अफरा तफरी मची रही इस संबंध में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर नजर दूध, खोआ, दुकानों पर बन रही मिठाइयों का निरीक्षण किया जा रहा है जिसके तहत तीन दुकानों में रखे खाद्यान्न का नमूना लिया गया है। इस दौरान टीम में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एफ एसो ओम्कारनाथ यादव, संदीप कुमार सिंह मौजूद रहे।

**विद्युत विभाग चेता होता तो बच जाती संविदा लाइन मैन की जान**

करमा,सोनभद्र। स्थानीय थानान्तर्गतग्राम जोगनी लोढ़ौता में बीते शाम गुरुवार को समय लगभग 6.30 से 7.00 के बीच काशी चौहान के घर के पास लगे ट्रांसफार्मर पर संविदा विद्युत कर्मी 1.संतोष पुत्र चिंता धरिकार 40 वर्ष निवासी बिसहार तथा 2.संविदा कर्मी डमरू व राजेश द्वारा ट्रांसफार्मर चढ़ाने का कार्य किया जा रहा था,विद्युत विभाग के अधिकारियों के घोर लापर वाही के कारण अचानक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया गया जिसमें पोल पर चढ़े संविदा विद्युत कर्मी संतोष पुत्र चिंता उम्र 40 वर्ष निवासी बिसहार जलने लगा ।साथ में दूसरा संविदा लाईन मैन आग बुझाने का प्रयास किया गया। अधजले विद्युत कर्मी को साथी विद्युत कर्मियों व ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस की सहायता से इलाज हेतु जिला चिकित्सालय लोढ़ी रॉबर्ट्सगंज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक के कारण ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है, विद्युत कर्मी /परिवारीजन द्वारा वाराणसी ले जाया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

## वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने डीएवी पीजी कालेज, आजमगढ़ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वृहद रोजगार मेले का आयोजन कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के वृहद रोजगार मेले में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से 53 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है, जिनके द्वारा 6000 से ज्यादा युवाओं को चिन्हित कर रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। वृहद रोजगार मेले में एल एण्ड टी, महादेव हनुमन्त विजय प्लेसमेन्ट सर्विस, विजन इण्डिया रमाया हेल्थ केयर, पेरीग्रीन, एनएसडीसी, डिक्शन टेक्नोलाजी, सुब्रोश इण्डिया, कृष्णा मारूति, शिव शक्ति बायो टेक्नालाजी, आदि 53 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमे रिक्तियों की कुल संख्या 6 हजार के सापेक्ष लगभग 90 हजार से अधिक बेरोजगार युवकों ने प्रतिभाग किया। उपरोक्त कम्पनियों द्वारा 3000 बेरोजगार आवेदको का अपने तय मापदण्ड एवं शर्तों के अनुसार चयन किया गया।

# बरसाने की होली संग श्री कृष्ण रासलीला का समापन



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। नगर स्थित रामलीला मैदान आयोजित 11 दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला का समापन बुधवार की देर रात विश्व प्रसिद्ध ब्रज की लट्ठमार होली के जीवंत मंचन के साथ हुआ। कलाकारों ने दिखाया कि ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण और उनके सखाओं को होली खेलने का आमंत्रण देती हैं।जिसके बाद कृष्ण सखाओं के साथ होली खेलने पहुंचते हैं। जहां गोपियां सभी सखाओं और कृष्ण के साथ फूल की होली खेलती हैं।

इस बीच गोपियां सखाओं के संग सुंदर लट्ठमार होली लीला का मंचन देखकर मंत्रमुग्ध हुए कलाकारों ने ब्रज में होली है रसिया, होली खेले तो आय जइयो कृष्ण मुरारी, कान्हा बरसाने में बुलावै राधा प्यारी जैसे भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया ।मंचन के दौरान कलाकारों ने आकर्षक मयूर नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें श्री कृष्ण राधरानी की दिव्य एवं अलौकिक झांकी का दर्शन कर श्रद्धालू भक्ति रस में सराबोर कर दिया। लीला मंचन के अंत में भगवान राधाकृष्ण पर सभी गोपियां और बाल सखा फूलों की वर्षा करते रहें। वहीं भारी संख्या में उपस्थित भक्तों ने राधे-कृष्ण की आरती उतार लोक कल्याण की मंगल कामना की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह, रामप्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी गुप्ता, रविंद्र केसरी, सचिन गुप्ता, धीरज जलान, मनोज सिंह, डॉ अनिल पांडे, सत्येंद्र कुमार पांडे,रामजी मोदनवाल, धर्मेश सिंह खरवार, प्रदीप चौबे, हर्ष केसरी, पंकज कनोडिया, विजय कुमार कनोडिया, विमल अग्रवाल, विजय शर्मा, कुसुम शर्मा, पवन कुमार जैन, राकेश गुप्ता, बृजेश शुक्ला, गिरीश पांडे, अमित दुबे, विनोद सोनी, राजेश सोनी, हर्षवर्धन केसरवानी, अजय श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, सुंदर केसरी, विजय कांत मिश्रा, अंकुर जैन, संदीप पांडेय, उमेश यादव, सौरभ, सत्यनारायण यादव, राजकुमार सिंह, बाबा गुरुसेवा नन्द, अछैवर केशरी,अंशु पांडेय, प्रकाश केशरी, रमेश केशरी, रामानन्द सांवरिया, संजय गोयल, आशीष अग्रवाल मौजूद रहे।

## मनुष्य को मोक्ष के मार्ग पर ले जाती है शिवभक्ति



शाहगंज (सोनभद्र)।सुप्रसिद्ध प्राचीन गौरीशंकर मंदिर परिसर में शुक्रवार को भव्य शिवचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर माहौल को शिवमय बना दिया। लोग भक्ति के सागर में गोता लगाने को मजबूर हो गये। कार्यक्रम आयोजिका ढुटेर गाँव निवासी एवं पूर्व जल प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष पुष्पावती देवी ने भी भजन गाया। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति भोलेनाथ की स्तुति करता है उसके कष्ट स्वयं दूर हो जाते हैं और सुख-समृद्धि व मंगल कल्याण की अनुभूति होती है।

भजन मण्डली के प्रमुख मोहन सिंह ने अपने मधुर कंठ से भजनों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिव आज भी गुरु हैं। इनके कृपा दर्शन, पूजन, आराधना से भक्तों के जन्म-जन्मान्तर के सारे पातक और दुष्कृत्य विनष्ट हो जाते हैं। वे भगवान शिव और माता पार्वती की अक्षय कृपा का पात्र बन जाते हैं। मोक्ष का मार्ग उनके लिए सहज ही सुलभ हो जाता है। उनके अलौकिक-परलौकिक सभी कृत्य स्वयमेव अनायास सफल हो जाते हैं। भगवान शिव की चर्चा करने- कराने वाले कभी कष्ट में नहीं रहते। दैहिक-दैविक, भौतिक सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं। भोलेनाथ की भक्ति मनुष्य को मोक्ष के मार्ग पर ले जाने वाली है। अन्त में मालती एवं कुसुम कुमारी ने भी आशुतोष भगवान शंकर के भजनों को सुनाकर शिवभक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रमिला, रीता, सन्ध्या, मंजू, लीलावती, अंश कुमार, अभिषेक कुमार, रितेश कुमार, आयंश कुमार, शिखा, मधु, अनुकाशआदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने उठाया लाभ




जौनपुर। धमापुर ब्लॉक की गोपालापुर ग्रामसभा में पेटल हॉस्पिटल एवं आसरा फाउंडेशन के सहयोग से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ उठाया ।शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की ओपीडी जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान डॉ. डी.के. सिंह , डॉ. अभिषेक मिश्रा तथा डॉ राहुल सेठ ने मरीजों की जांच की। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। आसरा फाऊंडेशन के संयोजक सुरेश यादव ने बताया संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि आगे भी जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसे निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार किया जाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को समय पर जांच और उचित उपचार की सुविधा मिल सके। प्रधान प्रतिनिधि बुलेट सिंह,विनोद सिंह सिंकू सोनकर अहमद खां अंकित मिश्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बरम बाबा मोड़ से दो सौ मीटर आगे लहुरियादह गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच कर मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त की।

पुलिस ने घटना की सूचना मध्यप्रदेश पुलिस व परिजनों को दी। मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के सलैया गांव निवासी 55 वर्षीय सुरेश कुमार पांडेय हलिया क्षेत्र के खोदाईपुर गांव निवासी अपने बहनोई चंद्रिका प्रसाद मिश्र के यहां श्रीमद्भागवत कथा के भंडारा व व्रतबंध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार दोपहर में बाइक से आए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से घर जाने के लिए निकले थे जैसे ही नेशनल हाईवे पर लहुरियादह गांव के पास पहुंचे तो पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक सवार किसान का सिर अज्ञात वाहन के पहिए के नीचे कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक भाग निकला।सूचना पर पहुंचे एसआई सुभाष यादव,एसआई रामविशाल हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी ।साले की मौत की खबर पाकर ड्रमंडगंज थाने पहुंचे मृतक के बहनोई चंद्रिका प्रसाद मिश्र ने बताया कि सुरेश कुमार पांडेय घर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से आए थे।

कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर जा रहे थे कि रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गए। मृतक खेती किसानी कर परिवार का जीविकोपार्जन करते थे। मृतक को तीन पुत्र हैं जिनमें दो अविवाहित हैं। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि मध्यप्रदेश निवासी बाइक सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से घटना स्थल पर ही मौत हो गई है।घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर भाग निकला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है ।घटना की जांच की जा रही है।

## टायर की दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

लालगंज, मीरजापुर। रीवा मीरजापुर हाईवे पर स्थित बामी गांव में शुक्रवार दोपहर बाद एक पुराने टायर की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी बिकराल रूप धारण कर चुकी थी कि नागरिकों की भारी भीड़ लग गई। संयोग ठीक था कि बगल में एचपी पेट्रोल पंप था अगर आग की लपेट पेट्रोल पंप पर पहुंच जाती तो बहुत बड़ी घटना घट सकती थी। बताया गया कि सैयद उर्फ भगन्तु की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय दुकानदार कई लोगों के साथ जुम्मे की नमाज अदा करने गए थे। आग की लपेट व धुएं का गुब्बारे देख कई गांवों के लोग मौके पर पहुंचे। हालांकि पेट्रोल पंप से समरसेबुल पंप चलवाकर आग पर काबू पाया गया। आग लगने की जानकारी मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। दुकानदार ने बताया कि नए टायर व काम चलाऊं टायर रखा था। जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से कई टायर जलकर राख हो गए।

## फार्मर रजिस्ट्री अभियान के लिए 8 प्रचार वाहन रवाना

आजमगढ़। जनपद में किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आज फार्मर रजिस्ट्री अभियान के व्यापक जनजागरूकता हेतु संयुक्त कृषि निदेशक, आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ एवं उप कृषि निदेशक, आजमगढ़ द्वारा कृषि भवन, आजमगढ़ से फार्मर रजिस्ट्री प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि जनपद की समस्त 8 तहसीलों हेतु कुल 8 प्रचार वाहन संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित जानकारी जनपद की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाई जाएगी। प्रत्येक तहसील हेतु एक-एक प्रचार वाहन निर्धारित किया गया है, जो संबंधित उप जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्य करेंगे। उप कृषि निदेशक आजमगढ़ आशीष कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ के कुशल मार्गनिर्देशन में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रचलित है, होली पर्व के दृष्टिगत ऐसे किसानों के गांव आने की संभावना है, जो बाहर नौकरी अथवा अन्य कार्यों में संलग्न रहते हैं। संयुक्त कृषि निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लहू से ललाट पर हिंदुस्तान लिख देनाः प्रभात सिंह

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी के तत्वावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर विविध सास्कृतिक व साहित्यिक आयोजन शुक्रवार की सुबह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी कमलेश खांबे ने तिरंगा ध्वज फहराया और राष्ट्र गान पश्चात जयकारे के बीच शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीपदान कर विधिवत कार्यक्रम का आगाज किया।

चंदौली से आये कवि शिवदास ने अध्यक्षता करते हुये,, लहर रहा है गगनांगन में हिंदुस्तानी शान, तिरंगा पर हो जा कुरबान, सुनाकर देशभक्ति का जोश भरा। संचालन करते हुए अशोक तिवारी ने अपनी गजलों व शायरी से लोगों का मन मोह लिया। सोन संगीत फाउंडेशन के सुशील मिश्रा ने देश गीत व देवी गीत सस्वर गायन कर महफिल में चार चांद लगाये। धर्मेश चौहान ने बडा.ही सुंदर बड़ा ही



मनहर अपना हिंदुस्तान सुनाकर भारतमाता को नमन किये। ओज कवि प्रभात सिंह चंदेल ने, लहू से ललाट पर हिंदुस्तान लिख देना तो वहीं सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम ने, तिरंगे में सजे अर्थी बजे धुन राष्ट्र गीतों की, जनाजा जब मेरा निकले वतन के वास्ते निकले सुनाकर मादरे हिंद को नमन-किये। गीतकार दिलीप सिंह दीपक ने, चंद सिक्कों के खातिर तुम अपना ईमान मत बेचो सुनाकर व्यवस्था को आईना दिखाया। संयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी ने, काश लहू का इक इक कतरा भारत माँ के काम आये सुनाकर राष्ट्र वंदना किये और आभार भी व्यक्त किया। जयराम सोनी व सुनील चैचक के हास्य कविता से लोग देर तक ठहाके लगाते रहे। सभी अतिथियों का अभिनंदन अंगवस्त्र, पगड़ी, लेखनी, पुस्तिका, माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि कमलेश खांबे ने आजाद के व्यक्तित्व पर विशद प्रकाश डाला।

## ग्रामीण चिकित्सकों ने विधायक से मिलकर सौंपा ज्ञापन



आजमगढ़। इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संयोजक डा. मुकेश यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को अतरौलिया विधायक डॉ. संग्राम यादव से उनके आवास पर मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परा चिकित्सको एव ग्रामीण चिकित्सकों के हो रहे प्रशासनिक उत्पीडन से निजात दिलाने व मान सम्मान के साथ प्राथमिक उपचार करने को लेकर पत्रक सौंपकर उनकी आवाज को सदन में उठाने की अपील किया।

प्रदेश संयोजक डा मुकेश यादव ने बताया कि अधिकांश ग्रामीण मामले में त्वरित प्राथमिक सेवा आवश्यक होती है तब ग्रामीण चिकित्सक मुख्य भूमिका अदा करते है। ग्रामीणांचल में बेहतर आकस्मिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका को कभी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने विधायक डा यादव से अपील किया कि वे हमारी उपयोगिता और आवश्यकता को सदन में रखे और उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश को जन जन तक पहुंचाने के लिए पराचिकित्सकों को आगे लाया जाए और उत्तर प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लोगों तक पहुंचाया जा सके ताकि पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों का उत्पीड़न बंद हो सकें। एसोसिएशन की मांगो में पराचिकित्सक एवं अनुभवशीन ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार करने का अधिकार प्रदान किया जाए, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के हर विभाग की भर्ती निकाली जाए, अनुभवशील ग्रामीण चिकित्सकों को शासन द्वारा अधिकृत कुशल चिकित्सकों जैसे (जिला चिकित्सालय, सामुदायिक केंद्र एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सालय) द्वारा 6 से 12 माह का प्रशिक्षण दिलाकर प्राथमिक उपचार करने की स्वीकृति प्रदान जाए, स्वास्थ्य संबन्धित रोगों से बचाव के लिए जन जागरुकता के लिए पराचिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाए ।पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों को सम्मान देते हुये चिकित्सा मित्र बनाया जाए और चिकित्सकों पर हो रहे, प्रशासनिक उत्पीडन को रोका जाना शामिल है। एसोसिएशन ने बताया कि ज्ञापन लेने के बाद अतरौलिया विधायक द्वारा संगठन को आश्वासन दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में विवेक प्रकाश, विजय, रामकेश यादव, डा राजकुमार, दिनेश मौर्या, प्रमोद विश्वकर्मा, आदि शामिल रहे।

## 21वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

लालगंज, मीरजापुर। खेल मैदान में उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का संगम उस समय देखने को मिला जब श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज में शुक्रवार को 21वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ हुआ।

उच्च शिक्षा उपनिदेशक डॉ कृष्णकांत गिरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं की शुरूआत कराई। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि केवल मानसिक विकास ही पर्याप्त नहीं है बल्कि शारीरिक सुदृढ़ता भी युवाओं के समग्र व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि आज खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि करियर की ठोस राह बन चुका है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति विभाग के डॉ संतोष कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित संस्था नहीं है बल्कि यह वह मंच है जहां विविध गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारती हैं और उनके भविष्य की दिशा तय करती हैं। खेलकूद से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वार्षिक क्रीड़ा समारोह छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का दर्पण होता है। मैदान में दिखाई देने वाला आत्मविश्वास ही जीवन की बड़ी चुनौतियों से जूझने की ताकत देता है। पहले दिन 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें वीरेंद्र ने प्रथम, रविदास ने द्वितीय और ज्योति अरुण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों ने बधाई दी और आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेंद्र नाथ गिरी ने किया जबकि स्वागत भाषण डॉ शिवधर सिंह ने प्रस्तुत किया। क्रीड़ा समारोह के सफल संचालन में डॉ अंबेश्वरी पांडे, डॉ सरिता मिश्रा सहित अन्य प्राध्यापक विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन और संचालन में सक्रिय रहे।

## ससुराल में रह रहा युवक फांसी पर झूला

जौनपुर ।बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक युवक ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पत्नी सुबह कमरे में लटका शव देखा तो चीख-पुकार मचाई। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 28 वर्षीय संतोष कुमार सरोज पुत्र स्व. अच्छेलाल सरोज के रूप में हुई है। सुबह करीब 9 बजे उसका शव घर के अंदर पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी सबसे पहले उसकी पत्नी सीमा सरोज को हुई, जिन्होंने पति को इस हालत में देखा। उन्होंने पुलिस मामले की जानकारी दी ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौपेड़वां भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। वह मूल रूप से सीहीपुर, थाना लाइन बाजार का निवासी था, लेकिन शादी के बाद से अपने ससुराल कौली गांव में ही रह रहा था ।संतोष कुमार सरोज की शादी लगभग सात-आठ वर्ष पहले सीमा से हुई थी। पत्नी के माता-पिता की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। पत्नी माता-पिता की इकलौती संतान थी। जिसके चलते वह अपने पिता के घर में ही रहने लगी। इसके चलते पति संतोष भी उसके साथ ही ससुराल में रहने लगा था ।संतोष ने सुबह लगभग 7 बजे अपने छोटे भाई संदीप सरोज से फोन पर बात की थी। संदीप सरोज ने बताया कि उनके भाई ने सुबह सात बजे सामान्य और हंसी-मजाक के साथ बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि अभी खाना बन रहा है, खाना खाकर काम पर जाएंगे। लेकिन करीब 2 घंटे बाद उनके आत्महत्या करने की जानकारी मिली। पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जौनपुर भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी सीमा सरोज की तहरीर पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बैंक ऑफ इंडिया की सिपाह शाखा का शुभारंभ

जौनपुर। नगर के सिपाह क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया, जिसमें बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति



रही ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य रूप से आंचलिक प्रबंधक शशिकांत प्रसाद के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप-आंचलिक प्रबंधक मनोज कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया और ग्राहकों को बेहतर एवं सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया ।आंचलिक प्रबंधक ने कहा कि सिपाह क्षेत्र में नई शाखा खुलने से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं युवाओं को बैंकिंग सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि शाखा में बचत एवं चालू खाता, ऋण सुविधा, डिजिटल बैंकिंग, एटीएम सेवा सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी ।उप-आंचलिक प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और सुरक्षित बैंकिंग के प्रति जागरूक रहने की अपील की। शाखा प्रबंधक वंदना मिश्रा ने बताया कि बैंक किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार करने वालों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है, जिनका लाभ क्षेत्रवासी उठा सकते हैं। आंचलिक कार्यालय से चीफ मैनेजर राहुल सिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया।


## नवाचार से उद्यमी बने विद्यार्थीः मुकुल वेदी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत बॉयोटेक्नोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद से पधारे विशेषज्ञ वक्ता मुकुल वेदी ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं नवाचार के विविध आयामों से अवगत कराया। श्री वेदी ने विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए आइडिया से बिजनेस प्लान तक की प्रक्रिया



को विस्तार से समझाया। उन्होंने कृषि, पर्यावरण, मेडिकल डिवाइस, फूड सेक्टर, टिश्यू कल्चर, डायग्नोस्टिक किट, स्टार्टअप संस्कृति तथा नवाचार की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। साथ ही उद्योग अकादमिक सहयोग में ईडीआईआई की भूमिका को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को पारंपरिक रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार एवं अनुसंधान आधारित स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने शोध, कौशल विकास, इंटर्नशिप और नेटवर्किंग के महत्व को बताते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवा उद्यमी वित्तीय सहायता प्राप्त कर अपने विचारों को व्यवसाय में परिवर्तित कर सकते हैं। बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों को नई दिशा एवं दृष्टि प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर श्री मुकुल वेदी का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस व्याख्यान से विद्यार्थियों को उद्यमिता की समझ विकसित करने में विशेष सहायता मिलेगी। संचालन डॉ.संजीव कुमार मौर्य ने किया। प्रो एस पी तिवारी, डॉ ऋषि श्रीवास्तव, डॉ प्रतिमा, डॉ श्वेता, डॉ सिपाही लाल पटेल समेत शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## डा.कन्हैया सिंह की याद में स्मृति सभा



आजमगढ़। डा. कन्हैया सिंह स्मृति न्यास द्वारा आजमगढ़ के गौरव प्रखर राष्ट्रवादी चितंक एवं वरिष्ठ साहित्यकार स्व.कन्हैया सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर स्मृति सभा एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन नगर के हरि औध कलाभवन के सभागार में 01 मार्च 2026 को शाम 5 बजे से सुनिश्चित है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डा. कन्हैया सिंह स्मृति न्यास के ट्रस्टी डा. विनम्र सेन सिंह ने बताया कि प्रमुख भारतीय साहित्यकार डॉ. कन्हैया सिंह पाठ-सम्पादन एवं सूफी काव्य के अधिकृत विद्वान के रूप में हिन्दी जगत में सुपरिचित रहे हैं। डा कन्हैया सिंह के स्मृति सभा में कैबिनेट मंत्री ए.के.शर्मा, दारा सिंह चौहान, प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी व भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय, जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, विनोद राजभर आदि दिग्गजों की उपस्थिति होगी। साथ ही आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवि अमन अक्षर, अभय निर्भीक, मनु वैशाली, अभिसार गीता, संक्षेप अक्षत, विनम्र सेन सिंह नामचीन कवियों/कवियत्रियों का जमावड़ा होगा। भाजपा नेता राकेश सिंह रामा ने बताया कि आजमगढ़ जनपद में जन्मे डॉ. कन्हैया सिंह एम.ए., एल.एल.बी., पीएच.डी., डी.लिट् आदि उपाधियों से विभूषित रहे है। उन्होंने विधि प्रवक्ता के रूप में अपने अध्यापकीय जीवन का प्रारम्भ करते हुए हिन्दी के प्रवक्ता-रीडर अध्यक्ष, प्राचार्य, कार्यकारी अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, आदि दायित्वों का निर्वहन किया। इन्होंने सूफी काव्य सांस्कृतिक अनुशीलन, युगद्रष्टा मलिक मुहम्मद जायसी, सूफीमत, हिन्दी सूफी काव्य में हिन्दू संस्कृति, उदार इस्लाम का सूफी चेहरा, ह्यपाठ-सम्पादन के सिद्धान्त, हिन्दी पाठानुसन्धान, जायसीकृत पद्मावति मूल पाठ और टीका, ह्यमध्यकालीन अवधी का विकास, राहुल सांकृत्यायन, अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध आदि के जरिये साहित्य जगत में खास नाम अर्जित किया। इसके साथ ही सृजनात्मक साहित्य के क्षेत्र में ह्यसाहित्य और संस्कृति (निबन्ध-संग्रह), वेदना के संवाद (ललित निबन्ध), अँधेरे के अध्याय (संस्मरण), पत्थर की मुस्कान (कहानी-संग्रह), दक्षिणांचल दर्शन (यात्रा-वृत्तान्त) सहित कुल चालीस से अधिक मौलिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। डा विनम्र सेन सिंह ने आजमगढ़ की जनता से स्मृति सभा एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पहुंचकर आजमगढ़ के गौरव डा कन्हैया सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# देश को गुमराह न करें

लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन को एक सांविधानिक हक के तौर पर स्वीकार किया गया है। अभिव्यक्ति की आजादी और विरोध-प्रदर्शन हमारे संवैधानिक अधिकार हैं। हम पीएम मंत्रियों, सरकार और नीतियों की आलोचना और विरोध कर सकते हैं, लेकिन ये अधिकार निरंकुश नहीं हैं। उनकी अपनी सीमा, समय और मयार्दाएं तय हैं। जरा संविधान के संबद्ध अध्याय को पढ़ लीजिए। ये अधिकार देश की सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने वाले नहीं होने चाहिए। किसी के घर में घुसकर आंदोलन खड़े नहीं किए जा सकते। युवा कांग्रेस के शर्टलेस कार्यकर्ताओं ने एआई शिखर सम्मेलन में घुसकर जो उत्पात मचाया था, उसे देश ने भी खारिज किया और कांग्रेस के सहयोगी दलों ने भी मुखालफत की, नाराजगी जताई, क्योंकि यह देश के मान-सम्मान का सवाल था। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करना था, तो पूरा देश खाली पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही आंदोलन-स्थल चिह्नित हैं। कांग्रेस के युवाओं ने एक वैश्विक मंच को तितर-बितर करने की कोशिश की थी। दिल्ली पुलिस ने कुछ गैर-जमानती, गंभीर धाराओं में केस दर्ज किए हैं और 8 उपद्रवी उसकी रिमांड पर हैं। कांग्रेस इन उपद्रवियों को 'बब्बर शेर' करार दे रही है और ऐसे प्रदर्शनों के लिए उकसा रही है। केस में 'आपराधिक साजिश', देश की अखंडता के खिलाफ, दंगे में शामिल होना और भडकाने, लोकसेवक पर हमला आदि की धाराएं लगाई गई हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब को भी रिमांड पर लिया गया है। अब इसे व्यापार समझौता बनाम किसान बनाम प्रधानमंत्री का मुद्दा बना दिया गया है। किसान महाचौपाल की पहली रैली के लिए भोपाल चुना गया, क्योंकि मप्र में करीब 83.50 लाख किसान हैं। मप्र को सोया स्टेट कहा जाता है, जहां देश का करीब 45 फीसदी सोयाबीन का



उत्पादन होता है। करीब 50 लाख किसान सोयाबीन की खेती करते हैं। दरअसल देश की हकीकत यह है कि भारत करीब 60 फीसदी सोयाबीन एवं खाद्य तेल अर्जेन्टीना और अन्य देशों से आयात करता है। मात्र 2 फीसदी खाद्य तेल अमरीका से आयात किया जाता है। भारत दशकों से खाद्य तेल और दालें घरेलू खपत का बड़ा हिस्सा आयात करता रहा है, क्योंकि भारत में खपत ज्यादा है और भारतीय किसान इतना उत्पादन नहीं करते हैं। भारत कुल 1.61 लाख करोड़ रुपये का खाद्य तेल आयात करता है। क्या इन दशकों में हिंदुस्तान नहीं बिका? या किसान खत्म नहीं हुए? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने अमरीका के साथ व्यापार समझौते के जरिए हिंदुस्तान को ही बेच दिया। वस्त्र उद्योग बर्बाद कर दिया। किसानों को खत्म (सोयाबीन, कपास के संदर्भ में) कर दिया और देश का महत्वपूर्ण डाटा अमरीका को दे दिया। चूंकि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और प्रधानमंत्री का लगातार विरोध करना ही लगता है उनका राजनीतिक दायित्व बन गया है। भारत के लोकतंत्र में नेता विपक्ष को 'छाया प्रधानमंत्री' कहते हैं, क्योंकि वह दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद है। राहुल गांधी कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन सच तो यह है कि अभी अमरीका के साथ व्यापार समझौता हुआ ही नहीं है। सिर्फ फ्रेमवर्क हुआ था, जिसे कभी भी खारिज किया जा सकता है। अब अमरीकी सर्वोच्च अदालत के अवैध टैरिफ वाले फैसले के बाद दोनों पक्ष पुनर्विचार कर रहे हैं, बैठक भी टाल दी गई है। जब डील हुई ही नहीं, तो देश कैसे बेच दिया गया? इसके अलावा, भारत सरकार के वाणिज्य मंत्री, कृषि मंत्री लिखित तौर पर स्पष्ट कर चुके हैं कि किन कृषि, खाद्य, डेयरी उत्पादों और मसालों को भारत के बाजार में आने की अनुमति अमरीका को नहीं दी गई है। फिर देशहित से सौदा कैसे कर लिया गया? कमोबेश नेता प्रतिपक्ष देश को भ्रमित और गुमराह न करें। कांग्रेस अभी ऐसी महाचौपाल महाराष्ट्र और राजस्थान में भी आयोजित करेगी। बहरहाल यह उनकी राजनीति है, लेकिन देश को गुमराह नहीं करना चाहिए। व्यापार समझौता भारत के लिए जरूरी है क्योंकि भारत को अमरीका साथ व्यापार बड़ा लाभ होता है।

---

**विचार**

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

# दो प्राचीन सभ्यताओं के मजबूत होते रिश्ते

डॉ. अनिता राठौर

> वास्तव में मोदी की इस यात्रा के पीछे यह सबसे बड़ा हित शामिल है कि इजरायल, भारत को अपना एरियल डिफेंस सिस्टम जो कि बहु स्तरीय सुरक्षा कवच है, जो शॉर्ट से लेकर लान्ग रूट मिसाइलों, ड्रोन और रॉकेट हमलों से रक्षा करता है। भारत उनके इन दो प्रमुख सिस्टम आयरन डोम और डेविड स्लिंग को न सिर्फ पाना चाहता है बल्कि कहा जा रहा है कि अब इजरायल, भारत के साथ भारत में ही इस सिस्टम को विकसित करेगा।

आजादी के बाद 4 जुलाई 2017 को जब भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी तेलअवीव के हवाई अड्डे पर उतरे, तो यह सिर्फ औपचारिक यात्राभर नहीं थी, इसका सबूत 9 सालों बाद 25 फरवरी 2026 को तब मिला जब प्रधानमंत्री मोदी ही दूसरी बार इजरायल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के तहत तेलअवीव हवाई अड्डे पर उतरे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए वहां न केवल रेड कारपेट बिछा था बल्कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू भी एयरपोर्ट पर मोदी के लिए पलक-पांवड़े बिछाये खड़े थे। इजरायली प्रधानमंत्री दंपत्ति ने जिस गर्मजोशी से भारतीय प्रधानमंत्री की अगवानी की और प्रधानमंत्री मोदी को 'एशिया का शेर' बताया, वह सब साबित करता है कि भारत और इजरायल की यह दोस्ती सिर्फ दो देशों की दोस्ती नहीं बल्कि दो प्राचीन सभ्यताओं की मजबूत दोस्ती है। अपनी दो दिवसीय बेहद सक्रिय राजकीय यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी इजरायली संसद 'नेसिट' को संबोधित किया और उनके इस संबोधन को पूरी दुनिया ने ध्यान से सुना। क्योंकि मोदी ऐसे संवेदशील समय में इजरायल की यात्रा कर रहे हैं, जब ज्यादातर देश साफ-साफ यह नहीं दिखना चाहते हैं कि वह मध्य पूर्व में किस खेमे के साथ हैं।

लेकिन इजरायली संसद को पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में संबोधित करते हुए मोदी ने साफ तौरपर कहा कि मैं यहां खड़ा होकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं प्राचीन सभ्यता का प्रतिनिधित्व करते हुए, दूसरी प्राचीन सभ्यता को संबोधित कर रहा हूं। जब प्रधानमंत्री मोदी इजरायल की संसद में प्रवेश किया तो ऐसा लगा जैसे वो दुनिया के किसी देश की यात्रा के समय वहां रह रहे भारतीयों के बीच पहुंचे हों। सभी इजरायली सांसदों ने न केवल अपनी जगह खड़े होकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया बल्कि उनकी प्रशंसा में मोदी-मोदी के नारे लगाए। इस दौरान उन्हें इजरायली संसद के अध्यक्ष अमीर ओहाना ने इजरायली संसद के सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेस्ट मेडल' को गले में पहनकर सम्मानित किया। जब इजरायल के सांसद तालियों



और मोदी-मोदी के नारों के बीच प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत कर रहे थे, तब इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने उन्हें अपने भाई जैसा बताया और कहा कि उनके लिए उनके दिल में बहुत खास जगह है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इजरायल की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाएं, मित्रता और साझेदारी का संदेश लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण को राजनीति से ऊपर उठाकर भावनात्मक और सांस्कृतिक फ्लेवर देते हुए कहा, 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि भारत में यहूदी बिना किसी डर, बिना किसी भेदभाव और बिना उत्पीड़न के साथ रहे रहे हैं। उन्होंने अपनी आस्था को सुरक्षित रखा है और भारतीय समाज में उनकी पूरी भागीदारी है'।

**भारत-इजराइल संबंध**

इस बात का समर्थन मोदी के बाद इजरायल की संसद को संबोधित करने वाले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी किया। उन्होंने भी अपने संबोधन में कहा, 'भारत और इजरायल के रिश्ते बेहद खास और मजबूत है।' दोनों देशों के संबंध सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि दिल से जुड़े हुए हैं और भारतीय प्रधानमंत्री के साथ नेतन्याहू ने भी अपने संबोधन को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक फ्लेवर देते हुए कहा, 'वास्तव में भारत एक ऐसी सभ्यता है, जहां यहूदियों को कभी सताया नहीं गया। भारत का धन्यवाद वहां यहूदी समुदाय का हमेशा स्वागत और सम्मान किया गया है।' प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में यह भी कहा कि भारत और इजरायल के बीच 2000 साल से भी ज्यादा पुराने रिश्ते हैं। 'बुक ऑफ एस्टेर' में भारत का जिक्र मिलता है और 'तलमुद' में हमारे व्यापारिक संबंधों का उल्लेख। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को भी याद दिलाया कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान आज के इजरायल क्षेत्र में 4000 से ज्यादा भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया था। इसलिए हमारा रिश्ता हमारे अपने खून और त्याग से जुड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी इजरायल की संसद को संबोधित करते हुए पहले वाक्य में कहा, 'हम हमास के हमले की निंदा करते हैं।' प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, 'किसी भी कारण से आतंकवादियों द्वारा आम लोगों की हत्या करना जायज नहीं ठहराया जा सकता।' मोदी ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद को हमने पग-पग पर झेला है, इसलिए आतंकवाद के खिलाफ हम एक कड़ी और मुक्कमिल लड़ाई लड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान मुंबई में हुए 26/11 आतंकवादी हमले का जिक्र किया और इसके साथ ही उन्होंने दो साल पहले इजरायल में कट्टरपंथी संगठन हमास द्वारा किये गये बर्बर आतंकी हमले की भी निंदा की।

मोदी ने अपने भाषण के करीब पांचवें, छठवें मिनट में ही जोर देकर कहा कि भारत आतंक की कीमत जानता है। हमने 26/11 में ऐसे ही हमले के दौरान अपने जो नागरिक गंवाये थे, उसमें इजरायल के यहूदी भी थे। इसलिए उनके मुताबिक उन्हें 26/11 की भी उसी तरह हमेशा याद रहती है, जिस तरह दो साल पहले हमास ने इजरायल पर बर्बर आतंकी हमला किया। कुल मिलाकर पीएम मोदी की पहली और दूसरी बार की गई यह इजरायल यात्रा सामान्य यात्रा नहीं, इसके गहरे निहितार्थ हैं। जब पूरी दुनिया बहुत फूंक-फूंककर कदम आगे बढ़ा रही है कि कहीं उनके इस कदम से मध्यपूर्व में कोई समीकरण तो नहीं गड़बड़ा जायेगा। ठीक उसी समय प्रधानमंत्री बिना किसी भविष्यकालिक परिणाम की चिंता किए, इजरायल के साथ खड़े होने में गर्व महसूस कर रहे हैं। वास्तव में आनन-फानन में की गई प्रधानमंत्री यह दूसरी इजरायल यात्रा अपने पीछे कई महत्वपूर्ण संभावनाओं को छिपाये है। हाल के दिनों में आपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह की स्थितियां बन गई थीं और जिस तरह यह स्पष्ट हुआ है कि चीन, पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष रूप से न केवल नेवीगेशन की सहायता उपलब्ध करा रहा था बल्कि अपने हथियारों से भी भारत पर उसके हमले को जोरदार बना रहा था। ऐसे में भारत के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह इजरायल के साथ अपने रक्षा संबंधों को वर्तमान मजबूत स्थिति से भी कहीं ज्यादा मजबूत बनाएं।

वास्तव में मोदी की इस यात्रा के पीछे यह सबसे बड़ा हित शामिल है कि इजरायल, भारत को अपना एरियल डिफेंस सिस्टम जो कि बहुस्तरीय सुरक्षा कवच है, जो शॉर्ट से लेकर लान्ग रूट मिसाइलों, ड्रोन और रॉकेट हमलों से रक्षा करता है। भारत उनके इन दो प्रमुख सिस्टम आयरन डोम और डेविड स्लिंग को न सिर्फ पाना चाहता है बल्कि कहा जा रहा है कि अब इजरायल, भारत के साथ भारत में ही इस सिस्टम को विकसित करेगा, जिससे भविष्य में चीन और पाक के साझे गठजोड़ और संदिग्ध तुर्किये की हरकतों से भारत को किसी तरह का नुकसान न हो। भारत और इजरायल वास्तव में दुनिया के उन दुर्भाग्यशाली देशों में से हैं, जो बहुत ज्यादा ऐसे तनाव से दोचार रहते हैं। क्योंकि इन दोनो देशों ने हाल के दशकों में जितना आतंकवाद झेला है, उतना किसी और ने नहीं झेला। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी सभी तरह की वैश्विक कूटनीति, संदेशबाजी की परवाह न करते हुए इजरायल की यात्रा पर गये हैं ताकि हमारी सामरिक शक्ति अजेय हो। इसलिए यह यात्रा सामान्य यात्रा नहीं है, यह अपने आपमें ऐतिहासिक है।

**सोशल मीडिया**



वर्ल्ड होलोकॉस्ट रिमेम्बरेंस सेंटर, याद वशेम में फूल चढ़ाये। इस विजिट के दौरान मेरे साथ आने के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का शुक्रगुजार हूं मैं। पीएम मोदी.

# ईश्वर से प्रेम

आत्मा परमात्मा का अंश है यह तो सर्वविदित है। जब इस सम्बन्ध में शंका या संशय, अविश्वास की स्थिति अधिक क्रियमान होती है तभी हमारी दूरी बढती जाती है और हम विभिन्न रूपों से अपने को सफल बनाने का निरर्थक प्रयास करते रहते हैं जिसका परिणाम नाकारात्मक ही होता है। ये तो असंभव सा जान पड़ता है-मिटटी के बर्तन मिटटी से अलग पहचान बनाने की कोशिश करें तो कोई क्या कहे? यह विषय विचारणीय है। अध्यात्म की अनुभूति सभी प्राणियों में सामान रूप से निरंतर होती रहती है। स्वयं की खोज तो सभी कर रहे हैं, परोक्ष व अपरोक्ष रूप से परमात्मा के असीम प्रेम की एक बूंद मानव में पायी जाती है जिसके कारण हम उनसे संयुक्त होते हैं किन्तु कुछ समय बाद इसका लोप हो जाता है और हम निराश हो जाते हैं, सांसारिक बन्धनों में आनंद ढूंढते ही रह जाते हैं परन्तु क्षणिक ही खुशी पाते हैं। जब हम क्षणिक संबंधों, क्षणिक वस्तुओं को अपना जान कर उससे आनंद मनाते हैं, जब की हर पल साथ रहने वाला शरीर भी हमें अपना ही गुलाम बना देता है हमारी इन्द्रियां अपने आप से अलग कर देती है यह इतनी सूक्ष्मता से करती है - हमें महसूस भी नहीं होता की हमने यह काम किया है? सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप किस लगन के साथ अपने लक्ष्य के लिये बढ़ रहे हैं जब हमें सत्य की समझ आती है तो जीवन का अंतिम पड़ाव आ जाता है व पश्चात्ताप के सिवाय कुछ हाथ नहीं लग पातो ऐसी स्थिति का हमें पहले ही ज्ञान हो जाए तो शायद हम अपने जीवन में पूर्ण आनंद की अनुभूति के अधिकारी बन सकते हैं हमारा इहलोक तथा परलोक भी सुधर सकता है। अब प्रश्न उठता है की यह ज्ञान क्या हम अभी प्राप्त कर सकते हैं? हाँ ! हम अभी जान सकते हैं की अंत समय में किसकी स्मृति होगी, हमारा भाव क्या होगा? हम फिर अपने भाव में अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। गीता के आठवें अध्याय श्लोक संख्या आठ में भी बताया गया है-

**अंतर्दृष्टि**

यंयंवापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भाव भावितः।

अर्थात-हे कुंतीपुत्र अर्जुन! यह मनुष्य अन्तकाल में जिस-जिस भी भाव को स्मरण करता हुआ शरीर का त्याग करता है, उस-उस को ही प्राप्त होता है, क्योंकि वह सदा उसी भाव से भावित रहता है। एक संत ने इसे बताते हुए कहा था की सभी अपनी अपनी आखें बंद कर यह स्मरण करें की सुबह अपनी आखें खोलने से पहले हमारी जो चेतना सर्वप्रथम जगती है उस क्षण हमें किसका स्मरण होता है? बस उसी का स्मरण अंत समय में भी होगा।

# विकसित भारत का वैज्ञानिक रोडमैप

लोकमित्र गौतम

भारत ने साल 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनने का लक्ष्य तय किया है। यह केवल आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य नहीं है बल्कि ज्ञान-आधारित, तकनीक-समर्थ और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना की है। इस लक्ष्य को पाने में निःसंदेह विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका होगी। इसलिए साल 2026 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम, 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार' तय किया गया है। वास्तव में यह थीम हमें इस दिशा में सोचने का मौका देती है कि आखिर अगले 21 सालों के लिए हमारा वैज्ञानिक रोड मैप क्या रहेगा?

**बढ़ाना होगा अनुसंधान पर निवेश**

भारत इस समय अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर हर साल अपने सकल घरेलू उत्पाद का 0.7 से 0.8 फीसदी खर्च करता है। जबकि विकसित देश ठीक इसी समय 2 से 4 फीसदी तक अपने कुल जीडीपी का खर्च करते हैं। इन विकसित देशों से सबक सीखते हुए भारत को भी अगले 21 सालों तक आरएंडडी पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1 से 3 फीसदी तक खर्च करना होगा। भले शुरू में इस निवेश को 1 प्रतिशत तक ही बढ़ाया जाए, पर धीरे-धीरे इसे 2047 तक बढ़ाकर जीडीपी का कुल 3 फीसदी तक करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि भारत अब आरएंडडी के क्षेत्र में न सिर्फ निजी निवेश को प्रोत्साहित करे बल्कि सुनिश्चित होना चाहिए कि यह निवेश किसी भी कीमत पर 50 फीसदी से कम न हो। क्योंकि दुनिया में जितने भी विकसित राष्ट्र हैं, वहां निजी क्षेत्र अनुसंधान और विकास पर कुल खर्च के 50 फीसदी से ज्यादा खर्च करता है। इसके अलावा विकसित राष्ट्र बनने के लिए जरूरी है कि हम विश्वविद्यालय आधार शोध को सीधे उद्योग से जोड़ें। इसके लिए राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (एनआरएफ) जैसे संस्थानों को अधिक वित्तीय और प्रशासनिक स्वतंत्रता देनी होगी।

**अंतरिक्ष के क्षेत्र में नेतृत्व**

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने चंद्रयान और अद्वितीय मिशन ने भारत को वैश्विक मंच पर विश्वसनीयता से स्थापित किया है और साल 2047 तक हमारा लक्ष्य है कि हम मानव अंतरिक्ष मिशन की नियमित उड़ानें भरें। आज निजी स्पेस स्टार्टअप्स में 8 से 10 फीसदी का वैश्विक बाजार है। सैटेलाइट आधारित कृषि, आपदा और शिक्षा सेवाओं के विस्तार हेतु यह बहुत जरूरी है। सरकार को चाहिए कि वो संचार, मौसम और पूवार्नुमान जैसे मामलों में रक्षा-सुरक्षा के आधार को बढ़ाए।

**देश के लिए जरूरी है सेमिकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स में आत्मनिर्भरता**

डिजिटल युग में सेमिकंडक्टर चिप्स, नई 'तेल' अर्थव्यवस्था का रूप ले चुके हैं। भारत में साल 2023 से 2025 के बीच सेमिकंडक्टर विनिर्माण के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं और अगले चार सालों में यानी 2030 तक हम कम से कम दो या



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष

तीन फैब प्लांट बनाना चाहेंगे। चिप डिजाइन में भारतीय स्टार्टअप का इस दौरान विस्तार होगा तथा रक्षा और आटोमोबाइल के क्षेत्र में स्वदेशी चिप हासिल होंगे। लेकिन अगर चिप उत्पादन में हम आत्मनिर्भर नहीं हो सके, तो डिजिटल भारत की कल्पना अधूरी रह जायेगी।

**जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सुरक्षा**

कोविड-19 महामारी ने सिखाया है कि वैक्सीन और दवा अनुसंधान में आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी है। गौरतलब है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन उत्पादकों में से एक है। इसलिए जरूरी है कि भारत साल 2047 के लिए जीन एडिटिंग और प्रिसीजर मेडिसिन में अग्रणी भूमिका निभाए। कैंसर,



डायबिटीज और दुर्लभ रोगों पर ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी शोधों और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉम का निर्माण हो। इस सबके बिना हम 2026 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखें। तभी हम भारत को वैज्ञानिक रोड मैप प्रदान कर सकते हैं। क्योंकि बिना ग्रामीण स्वास्थ्य बेहतर बनाए और पूरे देश में डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉम निर्मित किए भारत अगले 21 सालों में विकसित देश नहीं बन सकता।

**हरित ऊर्जा और कृषि में वैज्ञानिक क्रांति**

भारत को साल 2047 तक दुनिया के प्रमुख विकसित देशों में शामिल होना है, तो हमें अपने नेट जीरो कार्बन के लक्ष्य को हर हालत में हासिल करना होगा। इसके लिए भारत को अगले 21 सालों में कई मील के पत्थर तय करने हैं, जिसका पहला ये है कि हमें अगले 21 सालों में अपनी कुल ऊर्जा खपत में से 60 से 70 फीसदी का नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर इसी दौरान हमें ग्रीन हाइट्रोजन उत्पादन के लिए भी वैश्विक हब बनना पड़ेगा। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का 80 फीसदी शहरी परिवहन में उपलब्ध करना होगा तथा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा बैटरी स्टोरेज टेक्नोलॉजी में अनुसंधान को आज के मुकाबले 200 फीसदी से ज्यादा बढ़ाना होगा, तभी साल 2047 में हम विकसित भारत का सपना देख सकते हैं। हां, इन सब क्षेत्रों में तेल, अनुसंधान और भारी निवेश तब तक भारत को महत्वपूर्ण विकसित देश नहीं बना पाएंगे, जब तक हम कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक क्रांति 2.0 नहीं करेंगे। भारत की 45 फीसदी से ज्यादा आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है, लेकिन यह निर्भरता विकसित देश हमें तभी बनायेगी, जब मौजूदा हरित क्रांति की जगह स्मार्ट कृषि क्रांति लेगी। इसके लिए ड्रोन आधारित फसलों की निगरानी शुरू करनी होगी, जल संरक्षण तकनीक को बढ़ावा देना होगा और क्लाइमेट रेजिलिएंट बीज इस्तेमाल करने होंगे। साथ ही कृषि तकनीक स्टार्टअप को ग्रामीण युवाओं से जोड़ना होगा।

**बनानी होगी वैज्ञानिक मानसिकता**

वैज्ञानिक रोड मैप केवल प्रयोगशालाओं से नहीं बनता। स्कूल के स्तर पर हमें अटल टिंकरिंग लैब का विस्तार करना होगा। स्टैम शिक्षा में स्थानीय भाषाओं का उपयोग करना होगा तथा रिसर्च इंटर्नशिप संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। संविधान के अनुसार वैज्ञानिक शोध विकसित करना, सिर्फ सरकार का नहीं, हर नागरिक का दायित्व है। इसलिए देश के हर नागरिक को इस दिशा में प्रयास करना होगा।

**आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डेटा**

एआई रोबोटिक और क्वांटम कंप्यूटिंग आने वाले दशकों की निर्यातक तकनीके हैं। हमें इसके लिए एक स्पष्ट रोड मैप बनाना होगा ताकि सार्वजनिक डेटा सुरक्षित रहे और भारतीय भाषाओं में एआई के विभिन्न मॉडल विकसित हों। साइबर सुरक्षा अनुसंधान में खास तौरपर निवेश करना होगा। साथ ही एआई को रोजगार के सृजन से जोड़ना होगा, न कि केवल आटोमेशन से। इस तरह अगर भारत को साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है, तो विज्ञान आधारित रोड मैप बनाना होगा और यह सिर्फ सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है। इसलिए जरूरी है कि हम उद्योग जगत, विश्वविद्यालय, स्टार्टअप और आम नागरिकों आदि को इस रोड मैप के साथ जोड़ें और यह तभी संभव होगा, जब भारत आने वाले सालों में अनुसंधान के क्षेत्र में निवेश को बढ़ायेगा तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देगा। इसी से नई वैज्ञानिक संस्कृति, सामाजिक आंदोलन का रूप लेगी और भारत अपने स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष में एक विकसित भारत के रूप में दुनिया के सामने मौजूद होगा।

**विकसित भारत-2047**
**ऐसा हो प्रस्तावित रोड मैप**

- रिसर्च एंड डेवलपमेंट निवेश को जीडीपी के 3 फीसदी तक बढ़ाना होगा।
- 2 से 3 सेमिकंडक्टर फैब प्लांट विकसित करने होंगे। 60 फीसदी से अधिक ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से हासिल करनी होगी
- मानव अंतरिक्ष मिशन नियमित संचालित करने होंगे।
- एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लायक बनना होगा।
- स्वास्थ्य व जैव प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी।
- ग्रामीण कृषि क्षेत्र में ड्रोन व स्मार्ट टेक्नोलॉजी का विस्तार करना होगा।

## आप की बात

### भारत की विदेशनीति

पश्चिम एशिया में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से स्पष्ट है। भारत फिलिस्तीनियों के लिए राष्ट्र के अधिकार का समर्थन करता है, लेकिन साथ ही इजराइल पर हुए आतंकी हमले की भी कठोर निंदा करता है। आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसलिए किसी भी देश को आतंकवाद के साथ खड़े नहीं होना चाहिए। जरा सोचिए कि भारत जिस आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित रहा है, ठीक उसी तरह के आतंकवाद का अगर वह विरोध न करे तो क्या करे? क्या भारत सात अक्टूबर के उस भयावह दृश्य के साथ खड़ा जो जाये, जो हमास ने पूरी दुनिया को दिखाया। महिलाओं और बच्चों का कत्लेआम करना, निर्दोष लोगों को हिंसा, बारूद और अग्नि के हवाले कर देना, महिलाओं, बच्चों को बंधक बनाकर उनको ह्यूमन शील्ड की तरह इस्तेमाल करना, क्या भारत इस बर्बरता का समर्थन करे? जिस तरह देश में कुछ सियासी जमातें, धार्मिक संगठन और लोग बर्ताव कर रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि उनको मानवीय पीड़ा से कोई विशेष लेना-देना नहीं है। यह तो बस अपनी सियासत चमकाने के लिए, लोगों की निगाह में आने के लिए ऊल-जलूल हरकत की तर्ज पर ऐसा 'एब्नॉर्मल विहैव्यिर' कर रहे हैं ताकि लोगों की नजरों में आ जायें। दुर्भाग्य से टीवी चैनल अपनी टीआरपी के लिए व सोशल मीडिया में अधिक से अधिक लाइक, कमेंट और व्यू पाने के लिए ऐसी ही हरकतें की जा रही हैं। ऐसे लोगों को सामान्य नहीं कहा जा सकता है। जिन लोगों ने इजराइल पर हमले के बाद हमास की निंदा नहीं कि दरअसल उनकी नजर में देश की राजधानी मुंबई को बम-बारूद और आतंकी हमले से दो-दो बार दहलाने का कृत्य भी शायद ही अमानवीय हो।

**चन्द्रप्रकाश वर्मा, बाराबंकी.**

### महंगाई पर लगाम

हालांकि टमाटर अब सस्ता हो गया है, सब्जियों के दाम भी घटे हैं और गैस सिलेंडर भी सस्ता हुआ है। लेकिन अब प्याज फिर से आंसू निकालने लगा है। दाल, पेट्रोलियम पदार्थों के साथ तमाम अन्य चीजें अभी भी बहुत महंगी है। बहरहाल सब्जियों की आपूर्ति धीरे-धीरे बाजार में बढ़ रही है जिससे एक बार फिर खाद्य महंगाई सामान्य होने लगी है। लेकिन अगर सब्जियों, दूध, अनाज आदि की बात छोड़ दी जाये तो अन्य मदों में महंगाई अभी बहुत अधिक है और इसमें राहत देने की जरूरत है। आटा-दाल, दूध, ब्रेड, बिस्किट से लेकर किताब-कॉपी तक, सबके दामों में आग लगी है। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण के गंभीर प्रयास करे। कीमतों असामान्य उतार चढ़ा ठीक नहीं है।

**संजय कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## एडीएम ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

अयोध्या। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमित कुमार भट्ट व अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व वसूली व निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने परिवहन, वाणिज्य कर, प्रवर्तन, आबकारी, सिंचाई, विद्युत, वन, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली के कार्यों की समीक्षा की तथा कम वसूली करने वाले विभागों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि समयबद्ध लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे लक्ष्य के अनुरूप वसूली की प्रगति बढ़ाएं, इसमें सभी विभाग बेहतर प्रयास कर अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराए। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व वसूली की समीक्षा हर सप्ताह अवश्य करें।

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का भव्य स्वागत



अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का पार्टी कार्यालय सिविल लाइन, हनुमान गढी अयोध्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह और रामनामा भेंट कर दोनों

**● दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने रामलला व हनुमान गढी में किया दर्शन पूजन**

नेताओं का अभिनंदन किया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अयोध्या जाकर श्री रामलला व हनुमान गढी में दर्शन पूजन किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राधेश्याम त्यागी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाएं। कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि महानगर स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और उनके सहयोग से ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुए अयोध्या में पार्टी को और मजबूत बनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने कहा कि यह स्वागत केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की एकजुटता और उत्साह का प्रतीक है। कहा कि नए नेतृत्व में संगठन और अधिक गतिशील होगा तथा पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जाएगा। स्वागत करने वालों में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, संजीव सिंह, अवधेश पांडे बादल, राघवेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार पांडे खन्नू, अशोक कसौधन, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्य, अरविंद सिंह, शंभू नाथ सिंह दीपू, अमल गुप्ता, दिव्य प्रकाश तिवारी, दिनेश मिश्रा, अरविंद सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह हरभजन गौड, अभय सिंह, बालकण वैश्य, शिक्षक नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह, रवि सोनकर, मुकेश तिवारी, हेमंत जायसवाल, कपिल देव वमा आदि उपस्थित रहे।

# खण्डासा बाजार में बंजर भूमि पर कब्जे का आरोप

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। खण्डासा बाजार क्षेत्र में बंजर भूमि को लेकर विवाद का मामला जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक पहुंच गया है। गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह ने निखिल टीकाराम फुंडे (जिलाधिकारी, अयोध्या) तथा गौरव ग्रोवर (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या) को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की

**● डीएम और एसएसपी से हुई शिकायत**

है। सुरेंद्र प्रताप सिंह का आरोप है कि उनके गांव स्थित बंजर भूमि, गाटा संख्या 1056, पर गांव के ही शशि शेखर सिंह और उनके परिवार के लोगों ने स्थानीय लेखपाल की मिलीभगत से जबरन कब्जा कर लिया। शिकायत के अनुसार जेसीबी मशीन से बंजर खाते की भूमि पर खाई खुदवाकर सीमांकन जैसा स्वरूप दे दिया गया, जिससे जमीन पर अवैध कब्जे की आशंका और गहरा गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में राजस्व विभाग के स्थानीय कर्मियों की भूमिका संदिग्ध है और गलत तरीके से नाप कराकर बंजर भूमि को प्रभावित किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार जब मामले की सूचना डायल 112 पर दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को खण्डासा थाने बुलाया और शांति भंग की आशंका में पाबंद कर दिया। उनका कहना है कि मूल विवाद की गहराई से जांच करने के बजाय दोनों पक्षों पर समान रूप से कार्रवाई कर दी गई, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। सुरेंद्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रकरण की जांच किसी अन्य तहसील की टीम से कराई जाए, ताकि निष्पक्षता बनी रहे।

साथ ही, दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं सुरेंद्र सिंह के पुत्र ओंकार सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि भूमि विवाद के चलते तनाव की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में किसी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## महिला आरक्षियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एसपी ने दी बधाई



बाराबंकी। अन्तर्जनपदीय हैण्डबाल कलस्टर व बास्केटबाल प्रतियोगिता मे जनपद मे नियुक्त महिला आरक्षियो द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने विजेता शील्ड व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बताते चले कि बीती 23 से 25 फरवरी 2026 तक जनपद अयोध्या मे अन्तर्जनपदीय हैण्डबाल कलस्टर व बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे जनपद मे नियुक्त महिला आरक्षी गायत्री सिंह, आकांक्षा सरन, आरक्षी पारूल, खुशबू, राखी रानी ने प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जोन लखनऊ में बास्केटबाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## होली पर्व पर साफ-सफाई व जलापूर्ति के रहेंगे बेहतर प्रबन्धः ई.ओ. प्रमिता सिंह

बहराइच। अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह ने बताया कि होली त्यौहार के अवसर पर 03 व 04 मार्च को पूर्व वर्षों की भांति नगर क्षेत्र सभी नलकूपों से अनवरत जलापूर्ति व्यवस्था के प्रभावी पर्यवेक्षण, समय से बाधित जलापूर्ति को चालू कराने, नगर क्षेत्र की समुचित साफ-सफाई व नालियों की सफाई, मलबा एवं कूड़ा उठान तथा चूनाकारी की व्यवस्था के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के नगर पालिका कार्मिकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ई. ओ. ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में जनरेटर के माध्यम से लोवर हेड टैंकों को लोड किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार नलकूपों को भी जनरेटर से संचालित कर जलापूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि सफाई नायकों को होलिका दहन स्थलों के आस-पास समुचित सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं चूनाकारी के लिए निर्देशित किया गया है। अधि.अधि. श्रीमती सिंह ने बताया कि जच्चा बच्चा केन्द्र, डीएम चौराहा, एसपी आफिस, कचेहारी रोड खत्रीपुरा, पानी टंकी सिविल लाइन (प्लानिंग कालोनी), बड़ीहाट, छोटी बाजार, सिद्यारनी मन्दिर, घसियारीपुरा, गुलाअलहपुरा, फुटहा कालोनी, दरगाह शरीफ, गल्ला मण्डी, सलारगंज, गुल्लाबीर, किला, काजीपुरा, बशीरगंज, घण्टाघर व वजीरबाग इत्यादि क्षेत्रों में स्थापित नलकूपों के लिए निकाय कार्मिकों को सतत पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# कूर्मी क्षत्रिय सभा में डॉ. सर्वेश वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

जिला संवाददाता



अयोध्या। कूर्मी क्षत्रिय सभा के संगठन पुनर्गठन के तहत गोसाईगंज के भाजपा नेता डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा को प्रदेश युवा कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गंगवार की संस्तुति एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन से की गई है। नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संगठन प्रभारी दिनेश सचान द्वारा जारी किया गया। जारी पत्र के अनुसार डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा, निवासी वजीरगंज जप्ती नारायण दास नगर को तीन वर्ष की अवधि के लिए यह दायित्व सौंपा गया है। उन्हें सभा के नियमों व उपनियमों का पूर्ण पालन करते हुए कूर्मि भवन, लखनऊ में आयोजित नियमित बैठकों में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है। डॉ. वर्मा की नियुक्ति पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है। उनके अनुभव और सामाजिक सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा युवा वर्ग को नई दिशा मिलेगी। सभा पदाधिकारियों ने आशा जताई कि नव-नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और समाजहित के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# ड्रोन की मदद से नदी किनारे छुपाकर रखी शराब को आबकारी ने किया बरामद





बाराबंकी। नदी के किनारे छुपाकर बेची जाने वाली अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग अब ड्रोन कैमरे की मदद से छापेमारी

**● नदी व तराई इलाको में चला अभियान, 2 निरीक्षको की टीम ने किया नेतृत्व**

अभियान चलाकर नशा तिजातियो के खिलाफ कार्यवाही करने मे जुटा हुआ है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के सख्त निर्देशन मे होली पर्व से पूर्व आबकारी विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ नदी व तराई इलाको मे अभियान चलाता हुआ देखा गया है। आज शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक सिरौलीगौसपुर शिवानी सिंह चैहान व आबकारी निरीक्षक रामनगर उमाशंकर चैधरी की संयुक्त टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से थाना टिकैतनगर अन्तर्गत तराई इलाको व नदी के किनारे अभियान चलाया। टीम ने थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मांझारायपुर, रेवड़ा, सुर्रा, दुहादेपुर सहित 20 संदिग्ध ठिकानो पर दंबिश दी। दंबिश के दौरान 30 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुये एक अभियोग पंजीकृत किया गया। दंबिश पश्चात ग्रामवासियो को जागरुक करते हुये अवैध शराब के सेवन से बचने व तस्करी करने वालो की सूचना दिये जाने की अपील की गई। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही महेन्द्र त्रिपाठी, ओमप्रकाश, सिपाही इमरान खान, जावेद अख्तर, संजय कुमार सहित स्थानीय पुलिस का स्टाफ मौजूद रहा।

## एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को आजीवन कारावास

बहराइच। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में थाना रुपईडीहा के ठउ्ढर अउळ से सम्बन्धित अभियुक्त को दिनांक 11.06.2023 को थाना स्थानीय पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा दौरान गश्त व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के पंचपकड़ी गांव जाने वाले रास्ते पर से बैग में 07 किलो 300 ग्राम चरस के साथ पुलिस हिरासत में लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 167/2023 धारा 8/20 ठउ्ढर अउळ बनाम-रक्षाराम आयु करीब 35 वर्ष पुत्र सूर्जलाल निवासी भटपुरवा दा0 निधिनगर संकल्पा थाना रुपईडीहा बहराइच पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के उपरांत उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार पाण्डेय द्वारा आरोप पत्र 17.06.2023 को माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था, जिसको माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 04.08.2023 को विरचित किया गया। उक्त अभियोग में प्रभारी थाना रुपईडीहा, थाना पैरोकार आरक्षी अभिमन्यु कुमार, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 चन्दा देवी व विशेष लोक अभियोजक श्री प्रेम प्रकाश मिश्रा द्वारा ₹आपरेशन कन्विक्शन₹ के आदेश के क्रम में प्रभावी पैरवी की गयी, जिसमें दिनांक 27.02.2026 को माननीय न्यायालय ए0एस0जे0 तृतीय/एनडीपीएस एक्ट महोदय बहराइच द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषसिद्ध पाये जाने पर धारा 8/20 ठउ्ढर अउळ के अन्तर्गत 15 वर्ष का सश्रम कारावास व 1,50,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में 01 वर्ष 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# एनएलपीडी इंस्टीट्यूट में हुई नव संवत्सर महोत्सव समिति की बैठक



जिला संवाददाता

बाराबंकी। आलापुर स्थित नंद लाल प्रभुदेवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट प्रागंण मे नव संवत्सर महोत्सव समिति जिला संयोजक पंकज गुप्ता पंकी की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे नव संवत्सर समिति जिला संयोजक श्री पंकी ने आगामी 17 व 18 मार्च को दो दिवसीय नव संवत्सर महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले दीपोत्सव एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को भव्य गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक बिंदुओं

**● दीपोत्सव एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराये जाने को लेकर हुई चर्चा**
**● सांस्कृतिक चेतना, परंपराओं के संरक्षण का सशक्त माध्यम बनाने का लिया संकल्प**
**● जिला संघ चालक ने किया महोत्सव की स्मारिका पत्रिका का विमोचन**

पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की। श्री पंकी ने आगे कहा कि आगामी 17 मार्च को नगर पालिका प्रांगण में कवि सम्मेलन एंव 18 मार्च को दीपोत्सव कार्यक्रम पौराणिक धनोखर सरोवर को 51 हजार दीपक व एलईडी प्रकाश से सजाया जायेगा। तथा शाम भजन संध्या, भव्य आरती व आतिशबाजी के साथ सम्पन्न होगा। इसके उपरान्त बैठक मे गत वर्ष आयोजित महोत्सव की स्मारिका (पत्रिका) का विमोचन मुख्य अतिथि जिला संघ चालक आर0एस गुप्ता ने किया।

बैठक में सभी सदस्यों ने महोत्सव को समाज की सांस्कृतिक चेतना एवं परंपराओं के संरक्षण का सशक्त माध्यम बनाने का संकल्प लिया। बैठक मे इंस्टीट्यूट प्रबन्धक प्रदीप कुमार, टीआरसी लॉ कालेज शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुवेर्दी, पुरुषोत्तम टण्ड़न, सिद्धार्थ कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## बजट से व्यापार को मिलेगी नयी गति

अयोध्या। सर्किट हाउस में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के बजट की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और युवा उद्यमियों ने भाग लिया।विधायक ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट सर्वसमाज, विशेषकर व्यापारियों, किसानों और युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन, स्वरोजगार योजनाओं के विस्तार, स्टार्टअप को बढ़ावा तथा डिजिटल लेन-देन को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या में तीव्र गति से हो रहे विकास कार्यों से व्यापार को नई ऊर्जा मिली है। धार्मिक पर्यटन में वृद्धि के कारण होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों में कारोबार बढ़ा है। बजट में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, सड़कों के चैड़ीकरण, विद्युत व्यवस्था में सुधार और सुरक्षा प्रबंधों के विस्तार से व्यापारिक वातावरण और बेहतर होगा।

# कुमारगंज में पुलिस की वर्दी पहनकर व्यापारी से ठगी

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक सरसों व्यापारी से 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने पुलिस की वर्दी पहनकर इस वारदात को अंजाम दिया। नगर पंचायत कुमारगंज के बबां रोड निवासी सरसों व्यापारी अनुरुद्ध पुत्र रामचंद्र ने थाना प्रभारी संतोष कुमार को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार शाम

**● एसएचओ के नाम पर 50 हजार रुपये ठगे, जांच शुरू**

एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में उनकी दुकान पर बाइक से आया।

आरोपी ने खुद को ḷबड़े साहबḷ (एसएचओ) का आदमी बताया और कहा कि एसएचओ 9.50 क्विंटल सरसों बेचना चाहते हैं।

आरोपी ने व्यापारी से 50 हजार रुपये नकद लिए और उसे सरसों लादने के लिए साथ चलने को कहा।

उसने आश्वासन दिया कि तौल के बाद हिसाब हो जाएगा।व्यापारी अनुरुद्ध अपना बैटरी ई-रिक्शा लेकर आरोपी के साथ चला गया। आरोपी व्यापारी को एक कमरे के पास ले गया और चाबी लाने का बहाना बनाकर वहां से चला गया।

काफी समय बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं आया, तो व्यापारी ने प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार से सरसों के बारे में जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें बताया कि उनके साथ ठगी हुई है।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने तत्काल पुलिस बल को आरोपी की तलाश में भेजा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि उसने आरोपी पर विश्वास करके पैसे दिए थे, जो उसने दो-तीन दुकानदारों से मांगकर जुटाए थे।

यह घटना बृहस्पतिवार शाम करीब 4:30 बजे हुई थी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।

आरोपी की पहचान के लिए थाने और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



बहराइच। जनमानस में लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

## साइबर क्राइम टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



बहराइच। आज राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल तथा नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में चित्तौरा बाजार, जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200-250 स्थानीय नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया आईडी की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनसमूह को निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया—सोशल मीडिया खातों में टू-स्टेप वेरिफिकेशन (ळ्द्र्ड्ड-रशेस्त्र शेश्च्रूं३ड्डल्ल) अनिवार्य रूप से सक्रिय करना।इसके अतिरिक्त सभी को अवगत कराया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना घटित होती है तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निर्देशों से भली-भांति अवगत कराते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोरी का जिला जज ने किया औचक निरीक्षण



बाराबंकी। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोरी का जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने बालिकाओं/किशोरियों को मिल रही सुविधाओं, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रभारी

**● बालिकाओं व किशोरियों को मिल रही सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

अधीक्षिका एवं अन्य स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तथा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कौशल विकास से जोड़े जाने पर बल दिया। सिविल जज सी0डि0 व सचिव शिवानी रावत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्राथमिकता है कि समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बच्चों एवं वृद्धजनों को न्याय एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार मिले। इसके लिए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण किए जाते रहेंगे ताकि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मजिस्स्ट्रेट तृतीय आकांक्षा गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, कार्यालय लिपिक सौरभ शुक्ला, पराविधिक स्वंय सेवक रूबी वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न



बहराइच। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अषोक जायसवाल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सहित निकायों के अध्यक्ष, प्रमुखगण, समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना गारण्टी की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दे। इसी प्रकार उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देष दिया कि स्वयं सहायता समूहों की संख्यात्मक सूची एवं लखपति दीदियों की सूची भी उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देष दिये गये। ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार का अधिक से अधिक कृषक लाभ प्राप्त कर सके। इसके लिए मण्डी सचिव को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बाहरी मण्डी में उपज की बिक्री हेतु किसानों को सहयोग प्रदान करने के निर्देष दिये गये। उप निदेषक कृषि को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत भुगतान की गयी धनराषि व कृषको की सूची मा. जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करने के निर्देष दिये गये।

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा निर्देष दिया गया कि समस्त चिन्हित स्थानों पर षीघ्र से षीघ्र जन औषधि केंद्रों को संचालित कर आमजन को सभी अनुमन्य औषधियां उपलब्ध करायी जाय। उन्होंनें जन औषधि केन्द्रों पर वेण्डर नामित किये जाने के निर्देश दिये गये।

## ममता दहेज हत्याकाण्ड में जेल में निरुद्ध पति बरी

अयोध्या। राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र में नौ साल पहले कम दहेज लाने के मामले को लेकर विवाहिता ममता पर मिट्टी का तेल डालकर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में जेल की सलाखों के पीछे निरूद्ध आरोपित पति भूपेन्द्र पर अपराध साबित न होने पर बाइज्जत बरी हो गये। यह फैंसला विशेष न्यायाधीश फास्ट टैज्क प्रथम प्रदीप कुमार ने वादी एवं गवाहों के बयान को सुनने के पश्चात संदेह का लाभ देकर शुक्रवार को दिया है। यह मामला जिले के थाना राम जन्मभूमि अन्तर्गत वशिष्ट कुण्ड का वर्ष 2017 का है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता वाई.वी. मिश्र ने जोरदार पैरवी किया है। तर्क दिया कि वह निर्दोष है। वादी पक्ष से फर्जी ढंग से नामजद किया है दहेज से कोई लेना देना नहीं है। आरोपित कई साल से जेल में है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कैलाश पुत्र राम अवध निवासी दोराही कुंआ थाना राम जन्मभूमि की पुत्री ममता की शादी घटना के डेढ़ वर्ष पहले हिन्दू रीति रिवाज के साथ भूपेन्द्र के साथ हुई थी। इस दौरान काफी दान दहेज भी दिया गया था। 7 सितम्बर 2017 की रात करीब 11 बजे वादी के दमाद भूपेन्द्र ने मिट्टी का तेल डालकर ममता को आग के हवाले कर दिया था। मामले में 9 गवाह पेश किये गये थे।

संक्षेप

## जाम से राहगीर रहे परेशान

**शुकुल बाजार, अमेठी।** आंबेडकर चौराहे से कटरा तक जाम का जाल, छुट्टी के समय स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा परेशान शुकुल बाजार कस्बे में अंबेडकर चौराहे से लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा कटरा चौराहे तक रोज लगने वाला जाम अब नासूर बन चुका है। सुबह से शुरू होने वाली यह समस्या दोपहर में स्कूलों की छुट्टी के समय चरम पर पहुंच जाती है। संकरी सड़क, बेतरतीब पार्किंग और अतिक्रमण के चलते स्कूली बच्चों को जाम से निकालना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। कई बार स्कूल बसें और वैन 20-30 मिनट तक फंसी रहती हैं, जिससे छोटे बच्चों को धूप और धूल में इंतजार करना पड़ता है। जाम की मुख्य वजह खरीदारी करने आए लोगों द्वारा दुकानों के सामने ही दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े कर देना है। सड़क का आधा हिस्सा यूं ही घिर जाता है। ऊपर से ई-रिक्शा और अन्य वाहन भी किनारे खड़े हो जाने से यातायात पूरी तरह रेंगने लगता है। पटरी दुकानदारों का बढ़ता अतिक्रमण पैदल राहगीरों को सड़क पर उतरने को मजबूर करता है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं।

## ट्रैक्टर से टकराकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**महराजगंज,रायबरेली।** ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। जमुरावां निवासी रामनन्द कनौजिया ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 4 फरवरी को उसका बेटा अंश कनौजिया 21 वर्ष बाइक से हलोर की तरफ तिलक समारोह में शामिल होने जा रहा था। तभी कपूरपुर व मनकीपुर मोड़ के बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना में ट्रैक्टर का अगला पहिया अंश के हाथ व पेट पर चढ़ गया। मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बेटे अंश को गंभीर हालत में सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया। जहां से जिला अस्पताल व लखनऊ पी जी आई ले जाया गया जहां हालत नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर वृंदावन भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसके बेटे अंश कनौजिया की 26 फरवरी को उसकी मौत हो गई।

## स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**कूरेभार, सुलतानपुर।** अद्वैत फाउंडेशन द्वारा संचालित स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी जमोली कूरेभार स्पेशल स्कूल में छात्र-छात्राओं और स्टाफ के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार के अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य सभी के उत्तम स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना था।शिविर के दौरान, उल्ठ कूरेभार से आई डॉक्टरों की टीम ने बच्चों का शारीरिक परीक्षण किया।इसमें रक्तचाप, वजन और सामान्य शारीरिक कमियों की जाँच शामिल थी। डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों से बचाव के तरीके बताए और ₹स्वच्छता तथा सही पोषण₹ के महत्व पर विशेष जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से आँखों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया।चिकित्सा टीम ने यह भी बताया कि वे 'खंड तालु' (क्लेफ्ट पैलेट), 'कटा हुआ होंठ' (क्लेफ्ट लिप) और 'दिल में छेद' जैसी समस्याओं की निःशुल्क सर्जरी करते हैं।

# मांगों को लेकर भाकियू का तहसील घेराव



● खिचड़ी भोज के साथ जताया विरोध

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले शुक्रवार को किसानों ने जयसिंहपुर तहसील परिसर का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार मयंक मिश्रा को सौंपा गया। वहीं मोतिगरपुर थाने में दर्ज एक कथित फर्जी मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी को भी ज्ञापन दिया गया। किसानों ने सुबह करीब 10 बजे से ही तहसील परिसर में धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान परिसर में ही खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेश शुक्ला ने कहा कि किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राम विशाल मौर्य ने कहा कि राजस्व, बिजली, सिंचाई, फसल बीमा और मुआवजा संबंधी कई मामले लंबित हैं। अधिकारियों द्वारा संज्ञान न लेने से किसानों को अनावश्यक रूप से तहसील और थाने के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं तहसील अध्यक्ष लालजी शुक्ला ने सरकारी संपत्तियों जैसे तालाब, चकरोड और सार्वजनिक भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चकरोड बाधित होने से किसानों को खेती-किसानी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है मंडल अध्यक्ष अनुपम वर्मा ने कहा कि किसानों के उत्पीड़न और फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उपाध्यक्ष राम केवल तिवारी, डॉ. राम जनम वर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, चौधरी देव शरण, सियाराम प्रजापति समेत सैकड़ों किसान धरने में मौजूद रहे प्रदर्शन के बाद ज्ञापन लेते हुए तहसीलदार मयंक मिश्रा ने भी ज्ञापन लेकर मांगों के परीक्षण और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आगे व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## ओएसडी की सख्ती से चांदा पॉवर हाउस में हड़कंप, दफ्तरों में अचानक बढ़ी रफ्तार

**चांदा, सुलतानपुर।** शुक्रवार को चाँदा में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ओएसडी रामचंद्र शर्मा क्षेत्र के निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सरकारी दफ्तरों की सुस्ती पर सीधा असर दिखा। कर्मचारियों में हलचल तेज हो गई और लंबित फाइलें एकाएक गति पकड़ती नजर आईं। ओएसडी ने तहसील व अन्य विभागीय कार्यालयों में पहुंचकर विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और शिकायतों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने आम लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, और इसमें लापरवाही कतई स्वीकार नहीं। निरीक्षण के दौरान जहां कार्य संतोषजनक मिला, वहां सराहना भी की गई, लेकिन ढिलाई और फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने पर कड़ी नाराजगी जताई गई।

चाँदा में अधिकारियों को चेतावनी देते नजर आये कि जनता को बेवजह परेशान करने वालों पर कार्रवाई तय है। दौरे के बाद दफ्तरों में लंबित प्रकरणों की फाइलें खंगाली गयी और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अब देखना यह है कि यह सख्ती स्थायी बदलाव लाती है या नहीं, लेकिन फिलहाल चाँदा की जनता को उम्मीद जगी है कि उच्चस्तरीय हस्तक्षेप से विकास कार्यों में नई रफ्तार आएगी और जनसमस्याओं का समाधान जमीन पर दिखेगा।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल की शारीरिक एवं मानसिक तैयारी पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई, ताकि वे शारीरिक रूप से फिट और चुस्त-दुरुस्त बने रहें। साथ ही अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रिल करवाई गई। परेड में पुलिस लाइन का बल, विभिन्न कार्यालयों एवं थानों में तैनात पुलिसकर्मी तथा रिक्रूट आरक्षी शामिल हुए। परेड निरीक्षण के बाद एसपी रवि कुमार ने पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने बैरक, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, पीआरवी वाहन, गार्ड रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने विशेष रूप से सभी रजिस्टरों एवं अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन (अपडेटेड) रखने के निर्देश दिये।

## 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के होर्डिंग व बैनर लगाकर जताया विरोध




**डलमऊ, रायबरेली।** जिले के डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चक मालिक भीटी गांव में खराब सड़क की समस्या ने ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। गांववासियों ने जगह-जगह ह्यरोड नहीं तो वोट नहींह्न के होर्डिंग और बैनर लगाकर अपना विरोध जताया है। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी देते हुए उन्होंने प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि भीटी कान्हा मार्ग से पूरे नगरी तक की करीब 500 मीटर सड़क पिछले 25 वर्षों से अधर में लटकी हुई है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गांव के निवासियों ने बताया कि यह सड़क वर्षों से कच्ची और जर्जर हालत में है। बरसात के मौसम में तो स्थिति और भी बदतर हो जाती है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ से आवागमन लगभग असंभव हो जाता है। जलभराव की समस्या से घरों तक पहुंचना मुश्किल होता है, जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा स्कूली बच्चों और बीमार मरीजों को भुगतना पड़ता है। एक ग्रामीण राम प्रसाद ने कहा, हमारे बच्चे स्कूल जाने के लिए रोजाना कीचड़ में गिरते-पड़ते जाते हैं। अगर कोई बीमार पड़ जाए तो एंबुलेंस या वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। हमने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब चुनाव आ रहे हैं, तो हमने फैसला किया है कि अगर सड़क नहीं बनी तो वोट भी नहीं देंगे। इस घटना से साफ है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी चुनावी मुद्दा बन सकती है। अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क का निर्माण तत्काल शुरू किया जाए, ताकि बरसात आने से पहले हालात सुधर सकें।

## बकरियों के लिए चारा लेने खेत गयी युवती से दुष्कर्म

**अमेठी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती ने पड़ोसी युवक पर खेत में जबरन दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और रुपये की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है। युवती ने हिम्मत जुटाकर थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी है। पीड़िता का आरोप है कि 19 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3 बजे वह अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में बकरियों के लिए हरा चारा लेने गई थी। इसी दौरान आरोपी ने उसे खेत में अकेला पाकर जान से मारने की धमकी दी और जबरन दुष्कर्म किया।आरोप है कि घटना के दौरान आरोपी ने मोबाइल फोन से वीडियो भी बना लिया। युवती का कहना है कि इसके बाद आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया और कई बार बुलाकर गलत कृत्य किया। 25 फरवरी 2026 को एक अन्य व्यक्ति उसके घर पहुंचा और वीडियो होने की बात कहकर एक हजार रुपये की मांग की, जिसे डर के कारण युवती ने दे दिया।लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई और पुलिस से शिकायत की। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने कोतवाली ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नशे में धुत होकर बाइक सवार घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में एक बाइक सवार रोड हादसे का उस समय शिकार हो गया, जब वह भयंकर नशे में धुत अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कसेहटी गांव का रहने वाला मनोज कुमार (40) पुत्र सूर्य बली नशे में धुत होकर अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, जैसे ही उसकी बाइक नैय्या के उस पर पहुंची वैसे ही वह नियंत्रण खो बैठा और उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई, और नशेड़ी बाइक समेत गहरी खाई में जा गिरा तथा गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख- पुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और आनन-फानन चोटहिल को अपने निजी साधन से स्थानीय उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। डॉ अनिल भारद्वाज ने बताया कि, गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार के सिर और जबड़े में गहरी चोटें आई हैं, बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता व भविष्य के करियर विषय पर कार्यशाला आयोजित



**सुलतानपुर।** राधा रानी केके इंटरकॉलेज के सभागार में शुक्रवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं भविष्य का करियर विषय पर ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव, उसके व्यावहारिक उपयोग व भविष्य में उपलब्ध करियर संभावनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्या विंदू श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केएनआईटी) से डॉ. यू. के. महेश्वरी, प्रो.वंदना प्रकाश श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर अनुपम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रबंधक श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनुपम वर्मा ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल अवधारणाओं, मशीन लर्निंग, डाटा विश्लेषण तथा विभिन्न क्षेत्रों—जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बैंकिंग—में इसके बढ़ते उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई वर्तमान समय में तकनीकी प्रगति का आधार बन चुका है और युवाओं के लिए इसमें अपार रोजगार संभावनाएँ हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रबंधक श्संदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुई।

# नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का प्रभावी साधन है खेल

● सदर विधायक अदिति सिंह ने राही ब्लॉक में युवाओं को वितरित की खेल सामग्री




**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र के विकास खंड राही में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में शिरकत की। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा वित्तीय सत्र 2024-25 के लिए चयनित युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम श्खेलो इंडियाश अभियान की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। विधायक अदिति सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर युवाओं और महिलाओं को खेल से जुड़ी आवश्यक सामग्री प्रदान की, जिससे ग्रामीण स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान अदिति सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का सबसे प्रभावी साधन है। युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए तैयार किया जा सकता है।

यह पहल युवा कल्याण विभाग की उन योजनाओं का हिस्सा है, जिनके तहत चयनित मंगल दलों को खेल उपकरण जैसे गेंदें, बैट, किट आदि प्रदान किए जाते हैं ताकि वे नियमित रूप से खेल अभ्यास कर सकें और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें। राही ब्लॉक के युवा और महिलाएं अब इन सामग्रियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और जिला व राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। अदिति सिंह ने इस अवसर पर युवाओं से अपील की कि वे खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं, नशे और गलत गतिविधियों से दूर रहें तथा अनुशासित जीवन जीकर अपने परिवार, समाज और देश के लिए उपयोगी नागरिक बनें। यह कार्यक्रम सदर विधानसभा क्षेत्र में खेल और युवा विकास को लेकर विधायक की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी पर महिला ने लगाये उत्पीड़न के गंभीर आरोप

**रायबरेली।** महिलाओं के अधिकारों और कल्याण की बात करने वाला विभाग खुद महिलाओं के साथ अन्याय और शोषण का केंद्र बनता जा रहा है। श्वेता शुक्ला (शीला) नामक एक महिला ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा पर नौकरी के नाम पर आर्थिक एवं मानसिक शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने डीएम से की गई अपनी लिखित शिकायत में दावा किया है कि जयपाल वर्मा ने उसे स्वयं फोन करके महिला कल्याण विभाग के चाइल्ड हेल्पलाइन में ह्यआयाह्न की नौकरी के लिए बुलाया और 20 दिन तक काम कराने के बाद यह कहकर नौकरी से हटा दिया गया कि आपका आवेदन ही नहीं हुआ। महिला ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। पत्र में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से सख्त कार्रवाई की मांग की गई है ताकि आरोपी अधिकारी पर उचित कार्यवाही हो और पीड़िता को न्याय मिले, जिससे वह नौकरी पाकर परिवार का भरण-पोषण कर सके।

मामला महिला कल्याण विभाग से जुड़ा हुआ है। शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर के रहने वाली श्वेता शुक्ला उर्फ शीला ने गुरुवार को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसे जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने फोन करके चाइल्ड हेल्पलाइन में नौकरी के लिए बुलाया था।20 दिन तक बच्चों की देखभाल का काम कराया जिसमें बच्चों को खिलाना, पिलाना, कपड़े बदलना और शौच करना व साफ करना आदि शामिल हैं। 20 दिन बाद मेरा इंटरव्यू लिया गया जिसमें मुझे यह कहकर हटा दिया गया कि मैने नौकरी के लिए आवेदन ही नहीं किया है। महिला का कहना है कि यदि मैने आवेदन नहीं किया था मुझे जयपाल वर्मा ने फोन करके नौकरी के लिए क्यों बुलाया था? मुझसे 20 दिन तक काम क्यों कराया गया? महिला कल्याण विभाग, जिसका उद्देश्य पीड़िताओं, असहाय महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा व सहायता प्रदान करना है, वहां के अधिकारी पर ही शोषण के आरोप लगना बेहद शर्मनाक है। यह न केवल विभागीय विफलता है, बल्कि महिलाओं के हक पर सीधा हमला है। ऐसी स्थिति में जहां महिलाएं पहले से ही कमजोर वर्ग में हैं, वहां अधिकारी का रवैया उन्हें और अधिक हताष करता है। महिला ने अपनी स्थिति का हवाला देकर डीएम से न्याय की मांग की है।

● बिना किसी आवेदन और नियुक्ति के ही 20 दिन चाइल्ड हेल्पलाइन में महिला से काम कराते रहे डीपीओ

**बिना नौकरी क्यों लिया काम :** विवादित जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। अगर महिला ने आवेदन नहीं किया था तो उसे फोन करके नौकरी के लिए क्यों बुलाया गया? बिना आवेदन के ही महिला से 20 दिनों तक डीपीओ जयपाल वर्मा ने काम किसके कहने पर लिया? चाइल्ड हेल्पलाइन के अन्य वर्करों से बात करने पर बताया गया कि महिला डीपीओ साहब के कहने पर बिना इंटरव्यू और नौकरी के ही काम कर रही थी। इसे साहब अपने पास से मानदेय भी दे रहे थे। विभाग में इस बात की चर्चा है कि आखिर क्या अनबन हुई जो महिला को नौकरी से हटवा दिया गया?

**डीपीओ का विवादों से पुराना नाता :** यह मामला और भी गंभीर हो जाता है क्योंकि जयपाल वर्मा पहले भी कई विवादों में घिर चुके हैं। दिसंबर 2022 में दुष्कर्म पीड़िता की सहायता राशि (3 लाख रुपये) हड़पने के आरोप में उनके और एक संविदा कर्मचारी राजेश श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इससे पहले भी निराश्रित महिलाओं की पेंशन व अन्य योजनाओं में अनियमितताओं के आरोप लगे हैं, जिससे विभाग की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन की भारतीयों को लेकर भी उन पर गंभीर आरोप लगे। इन भर्तियों में उन्होंने सजातीय लोगों को प्राथमिकता दी। मंडलायुक्त से इस मामले की शिकायत हुई थी कि जिनके नाम रेंडम सूची में नहीं थे उन्हें भी जयपाल वर्मा ने रणनीति के तहत नौकरी दे दी जो शासनादेश के विरुद्ध है हालांकि जयपाल वर्मा अपनी पकड़ के चलते इस जांच को रफा-दफा करने में सफल रहे।

**डीएम को भी करते गुमराह:** कई बार जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा पर गंभीर आरोप लगे, उनके मामले जिलाधिकारी तक पहुंचे, लेकिन हर बार गुमराह करके यह बच जाते रहे हैं। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कई बार सख्त रुख अपनाया लेकिन झूठी डाली ले देकर जयपाल वर्मा बचाने में सफल रहे। एक महिला का यह आरोप कि उसे फोन करके नौकरी के लिए बुलाया गया और 20 दिन काम लेकर हटा दिया गया यह साबित करता है कि जिला प्रोबेशन विभाग में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। देखना यह है कि डीएम इस बार कोई सख्त रुख अपनाती हैं या डीपीओ की सुनी सुनाई कहानी पर भरोसा करके उन्हें फिर इसी तरह विवाद पैदा करने की छूट प्रदान करती हैं।

## कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**सलोन, रायबरेली।** होली व रमजान त्यौहार के मद्देनजर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आपसी सौहार्द व शांति का पाठ पढ़ाया गया। बैठक में नायब तहसीलदार सुजीत सिंह व क्षेत्राधिकारी यदुवेन्द्र पाल ने लोगों की समस्यायों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर नायब तहसीलदार ने पीस कमेटी में आये लोगों के साथ क्षेत्र से आये लोगों की बातें सुनीं। कहा कि अगर कहीं पुरानी जगह विवाद हुआ हो तो जैसे लोगों ने बताया गया कि 2014 में पनाह नगर में मस्जिद में विवाद हुआ था मस्जिद में रंग को लेकर विवाद हुआ था जिसको लेकर छोटी छोटी बात को अफवा न फैलते और जिसको रंग से परहेज हैं वो घर से बाहर न निकले पुलिस हर तरह से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए कटिबद्ध है। किसी भी प्रकार की अड़चन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## विभिन्न भाषाओं के बावजूद आध्यात्मिकता ही भारत का मूल विचार है : डॉ. अशोक दुबे



**लालगंज, रायबरेली।** आरएसएस की प्रमुख जन गोष्ठी लालगंज के संघ कार्यालय में आयोजित की गई, जहां संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ अशोक ने कहा कि आरएसएस देश के अधिकांश स्थानों पर शाखा के माध्यम से समाज जागरण का काम कर रहा है। इस अवसर पर, उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि संघ का उद्देश्य राष्ट्र के स्वाभिमान को जगाना और व्यक्ति निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि संघ की 100 वर्षों की यात्रा राष्ट्र के स्वाभिमान को जगाने और व्यक्ति निर्माण की यात्रा रही है। उन्होंने श्राष्ट्र साधनाश के महत्व को समझाते हुए समाज के समक्ष श्पंच परिवर्तनश का विजन रखा और कहा कि शताब्दी वर्ष पर आरएसएस समाज के बीच सामाजिक समरसता ,कुटुंब प्रबोधन ,नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी के भाव के साथ काम कर रहा है। विभिन्न भाषाओं और रहन-सहन के बावजूद आध्यात्मिकता ही भारत का मूल विचार बताते हुए उन्होंने कहा कि हम सर्वे भवंतु सुखिना के अनुयाई है और हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति का सर्वांगीण विकास करते हुए भारत राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है। डॉ दुबे ने कहा कि संघ प्राचीन संस्कृति को ही आगे बढ़ाने का काम कर रहा है ,संघ का विचार हिंदू राष्ट्र अगर है तो पूर्व में भारत अखंड हिंदू राष्ट्र था। कालांतर की घटनाओं से हिंदुस्तान की सीमाओं का विघटन हुआ है लेकिन भविष्य में हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना एक बार फिर साकार होगी। संघ की स्थापना को लेकर उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी आंदोलन, कांग्रेस का गठन और समाज सुधार विचारधाराओं से निकलकर डॉक्टर हेडगेवार ने आरएसएस की स्थापना की थी। विभाग प्रचारक अमित के द्वारा लोगों से विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर जिला संघ चालक रामचरन, जिला प्रचारक अजीत, नगर प्रचारक पुष्पम, राम गोपाल त्रिपाठी ,सुशील शुक्ला, उमेश सिंह, अशोक शुक्ला , संजय चड्ढा, ऊधम जायसवाल, राजेंद्र यादव, प्रोफेसर अविनाश सिंह, राजेश सिंह फौजी ,अरुण कुमार सिंह, पवन सिंह, सत्येंद्र शुक्ला, हनुमान सिंह ,लायक सिंह, सतीश त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## भूली नगर-थौरी सड़क निर्माण में धांधली का आरोप, जिपं सदस्य व ग्रामीणों का हंगामा

**जगदीशपुर, अमेठी।** विकासखंड जगदीशपुर क्षेत्र के अंतर्गत भूली नगर से थौरी तक बन रही संपर्क मार्ग सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। लगभग 50 लाख की लागत से तैयार की जा रही इस सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभय सिंह नारे ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता और निर्माण प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे उसकी मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुई है, लेकिन कई स्थानों पर सतह कमजोर दिखाई दे रही है और दबाव पड़ते ही परत उखड़ने जैसी स्थिति बन रही है। उनका आरोप है कि यदि निर्माण इसी तरह जारी रहा तो सड़क कुछ ही महीनों में खराब हो जाएगी, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और निर्माण एजेंसी के खिलाफ नाराजगी जताई। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभय सिंह नारे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया और सड़क को निर्धारित मानकों के अनुरूप दोबारा बनाने की मांग की।

# कूरेभार में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न

● जनकल्याणकारी योजनाओं और आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई।इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू ने की। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 5 करोड़ 36 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था। इसमें से अब तक 3 करोड़ 24 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। शेष धनराशि का उपयोग प्रगति पर चल रहे विकास कार्यों को पूरा करने में किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू ने कहा कि क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में संतुलित और पारदर्शी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सड़क, नाली, खड़ंजा, पेयजल और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों




से अपने गांवों की आवश्यकताओं को चिन्हित कर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने की अपील की।खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी ने ब्लॉक स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।कृषि विभाग के प्रतिनिधि आलोक सिंह ने बीज वितरण, खाद की उपलब्धता, किसान सम्मान निधि और कृषि मशीनीकरण योजनाओं की जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. शैलेश प्रताप सिंह ने टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।बैठक के अंत में, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और फूलों की पंखुड़ियों से उनका अभिनंदन किया। इस बैठक में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पंचायत सचिव और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### टाटा मोटर्स ने वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ किया समझौता

तूतीकोरिन। टाटा मोटर्स ने तूतीकोरिन (तमिलनाडु) के वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत पोर्ट पर 40 ग्रीन हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन से चलने वाले हैवी-ड्यूटी प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। समझौते के अनुसार, टाटा मोटर्स सबसे पहले एक हाइड्रोजन-पावर्ड प्राइम मूवर का ट्रायल शुरू करेगी, जिसके बाद अगले दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से 40 एच2 आईसीई प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट की फंडिंग बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा की जाएगी, जो ग्रीन एनर्जी अपनाने और एक टिकाऊ व 'फ्यूचर-रेडी' समुद्री इकोसिस्टम बनाने के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों के आने से हमारे कार्गो हैंडलिंग ऑपरेशन काफी हद तक डीकार्बनाइज होंगे, साथ ही भारत में सस्टेनेबल पोर्ट-लेड लॉजिस्टिक्स के लिए एक बेंचमार्क सेट होगा। इन ग्रीन हाइड्रोजन ट्रकों को धीरे-धीरे शामिल करने में मदद करने के लिए, पोर्ट 2एमडब्ल्यू का इलेक्ट्रोलाइजर और एक खास हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाने की योजना पर भी काम कर रहा है।

### बैंगलुरु में आरंभ हुई आईईएसए विजन समिट

बंगलुरु। इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर हेतु देश के प्रधान उद्योग निकाय, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन ने बैंगलुरु के लीला भारतीय सिटी कन्वेंशन सेंटर में आईईएसए विजन समिट 2026 का उद्घाटन किया। इंडस्ट्री, सरकार और एकेडेमिया के सबसे तेज दिमागों को एकजुट करने वाले दो दिवसीय समिट डिजाइन टू मैन्युफैक्चरिंगः सिनर्जी ऑफ प्रोडक्ट, प्रोडक्शन एंड स्किल ने भारत के प्रोडक्ट नेशन बनने के सपने में एक बड़े बदलाव का इशारा दिया। भारत पहले ही सेमीकंडक्टर डिजाइन में वैश्विक लीडरशिप दिखा चुका है। अगला कदम स्पष्ट है हमें वैल्यू चेन पूरी करनी होगी। हमें उस वृद्धि को बनाए रखने के लिए बिना किसी समझौते के क्वालिटी और बहुत कुशल कार्यबल के साथ बड़े पैमाने पर विश्व स्तरीय उत्पाद रचने, निर्माण और मैन्युफैक्चर करने होंगे। भारत के पास दुनिया को सशक्त करने के लिए इंजीनियरिंग प्रतिभा है।


### एशियन पेंट्स के 'वेयर द हार्ट इज' सीजन 9 लॉन्च

नयी दिल्ली। एशियन पेंट्स वेयर द हार्ट इज सीजन 9 के नए एपिसोड में, बॉलीवुड के प्यारे कपल ने सा दा के द्वार खोले, जिसका अरबी में अर्थ है खुशी और आनंद और संस्कृत में इसका मतलब है सरल, जिसका अर्थ है ज़िंदगी की सरल खुशियां। यह पेंटहाउस कपल की उस सोच को दर्शाता है जहां कम्फर्ट को तवज्जो दी गई है। यहां किसी भी चीज को छूने, एक जगह से दूसरी जगह हटाने में कोई हिचक नहीं होती और यहां आप सहजता से खुशी से झूम सकते हैं। प्रवेश करते ही लिविंग एरिया दिखता है जहां धूप और प्राकृतिक रोशनी है, जिससे सुकून और अपनेपन का एहसास होता है। बड़ी-बड़ी कांच की खिड़कियों और चारों ओर फैली बालकनी से शहर का नजारा लगातार नजर आता है, जबकि इसका लेआउट आवाजाही, मेलजोल और सहजता को बढ़ावा देता है।

### लीड्सकनेक्ट ने अगली पीढ़ी के एआई प्लेटफॉर्म का प्रदर्शन किया

लखनऊ। आईसीएफए ग्लोबल एग्रोटेक 2026 के समानांतर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित इस आयोजन में, बी.एल. एग्रो की सहायक कंपनी लीड्स कनेक्ट ने अपने प्रमुख नॉलेज प्लेटफॉर्म कालिका (नॉलेज एनालिटिक्स एंड लेवरेजिंग इंटेलिजेंस फॉर कृषि अनुसंधान) के अंतर्गत—जो एक स्पेसटेक एआई इकोसिस्टम फ्रेमवर्क है—एक उच्च-प्रभावी सेमिनार एवं किसान सहभागिता श्रृंखला का आयोजन किया। सेमिनार में कृषि, जोखिम, वित्त, आनुवंशिकी और उन्नत विश्लेषिकी पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए, जिनका संचालन लीड्स ग्रुप और उसके साझेदार टीमों के विशेषज्ञों ने किया। सेमिनार पर घनश्याम खंडेलवाल, चेयरमैन, बी.एल. एग्रो ने कहा कि भारतीय कृषि एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है और उच्च विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अनेक कारकों का एक साथ आना आवश्यक है।

# सेंसेक्स में 961 अंकों की गिरावट




मुंबई। कमजोर वैश्विक रुझानों, बढ़ते तनाव विदेशी पूंजी की ताजा निकासी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 961 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 318 अंक टूटकर 25,200 के स्तर के नीचे आ गया।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता में प्रगति न होने से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 961.42 अंक यानी 1.17 प्रतिशत लुढ़ककर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,089.46 अंक यानी 1.32 प्रतिशत तक गिरकर 81,159.15 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 25,178.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, ट्रेंट, इन्फोसिस और इटर्नल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,465.99 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,031.57 करोड़ रुपये की खरीदारी की। कमजोर वैश्विक संकेतों और भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण बाजारों में सतर्कता का माहौल है। कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी वैश्विक अनिश्चितताओं ने भी सुरक्षित निवेश विकल्पों की मांग को समर्थन दिया। घरेलू स्तर पर ताजा सकारात्मक कारकों के अभाव में वैश्विक व्यापक आर्थिक कारक हावी हो रहे हैं। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में सर्वाधिक 2.25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि दूरसंचार खंड में 1.83 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.81 प्रतिशत और धातु खंड में 1.57 प्रतिशत की गिरावट रही। दूसरी तरफ, केवल आईटी और फोकस आईटी खंड ही तेजी के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.84 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.71 प्रतिशत नुकसान में रहा। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,528 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,660 शेयर चढ़कर बंद हुए और 181 अन्य अपरिवर्तित रहे।

## डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 पर बंद




मुंबई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशीमुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट से रुपये पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 90.91 पर खुला और 90.91 से 91.06 के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 90.91 पर अपरिवर्तित रुख के साथ बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख तथा अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने की वजह से रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। डॉलर-रुपया हाजिर कीमत 90.70 रुपये से 91.20 रुपये के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत टूटकर 97.74 पर रहा। वैश्विक कच्चातेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.64 प्रतिशत बढ़कर 71.91 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 961.42 अंक टूटकर 81,287.19, जबकि निफ्टी 317.90 अंक गिरकर 25,178.65 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 3,465.99 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## निवेशकों की संपत्ति में आयी 4.98 लाख करोड़ की कमी




नयी दिल्ली। शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 4.98 लाख करोड़ रुपये की कमी आई।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर बढ़ते जोखिमों के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के कारण सेंसेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 961.42 अंक यानी 1.17 प्रतिशत गिरकर 81,287.19 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,089.46 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 4,98,603.42 करोड़ रुपये घटकर 4,63,50,671.27 करोड़ रुपये (5.10 हजार अरब डॉलर) पर आ गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.6 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 1.03 अरब डॉलर घटकर 572.56 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 97.7 करोड़ डॉलर घटकर 127.48 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.84 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.8 करोड़ डॉलर घटकर 4.71 अरब डॉलर रहा।

## हाजिर मांग में तेजी से सोने का वायदा भाव 890 रुपये चढ़ा



नयी दिल्ली। हाजिर मांग में तेजी से वायदा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 890 रुपये की तेजी के साथ 1,60,599 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 890 रुपये या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 1,60,599 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हो गई। इसमें 7,735 लॉट का कारोबार हुआ।

विश्लेषकों का कहना है कि प्रतिभागियों के नए ऑर्डर के कारण सोने की कीमतों में वृद्धि हुई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में कॉमेक्स पर सोने के वायदा भाव की कीमत 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,199.66 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। शुक्रवार को सोने की कीमतें काफी हद तक सीमित दायरे में रहीं। वहीं मजबूत अमेरिकी डॉलर एवं मिले-जुले वैश्विक संकेतों से तेजी सीमित रही जबकि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश की मांग ने बाजार की भावना को बल देना जारी रखा।

# जीडीपी शृंखला में देश की अर्थव्यवस्था दिसंबर तिमाही में 7.8 प्रतिशत बढ़ी




नयी दिल्ली। आधार वर्ष 2022-23 पर आधारित नई राष्ट्रीय आय शृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 7.4 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की समूची अवधि में देश की अर्थव्यवस्था के 7.6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है जबकि पहले इसका अनुमान 7.4 प्रतिशत लगाया गया था। वार्षिक और तिमाही राष्ट्रीय आय के ये अनुमान नई राष्ट्रीय आय शृंखला के तहत जारी किए गए हैं। अब 2011-12 को आधार वर्ष मानने वाली पुरानी शृंखला की जगह 2022-23 को नया आधार वर्ष बनाया गया है। आधार वर्ष वह अवधि होता है, जिसके दाम और उत्पादन स्तर को मानक मानकर आगे की वृद्धि दर की तुलना की जाती है। इसके साथ ही जुलाई-सितंबर 2025-26 की वृद्धि दर को संशोधित कर 8.4 प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले 8.2 प्रतिशत आंकी गई थी। हालांकि, अप्रैल-जून तिमाही की वृद्धि दर को 7.8 प्रतिशत से घटाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। आधार वर्ष में बदलाव से आर्थिक गतिविधियों के आकलन का दायरा व्यापक होता है और नई संरचना के अनुरूप आंकड़ों को अद्यतन किया जाता है। इससे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति को बेहतर तरीके से दर्शाया जा सकता है।

## राज्य बड़े आकार के खेतों पर कर लगाकर वित्तीय स्थिति मजबूत कर सकतेः मोंटेक सिंह

हैदराबाद। अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि राज्य सरकारें अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए उन बड़े खेतों पर कर लगा सकती हैं जो विविधीकरण से उच्च आय अर्जित कर रहे हैं।

यहां बुधवार को 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित एक सम्मेलन में पूर्ववर्ती योजना आयोग के वाइस चेयरमैन रह चुके अहलूवालिया ने कहा कि राज्य विविधीकृत कृषि पर कराधान से प्राप्त राजस्व पूरी तरह अपने पास रख सकते हैं। इसे केंद्र के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि संपूर्ण कृषि पर केंद्र कर नहीं लगा सकता और केवल राज्य ही कर लगा सकते हैं। क्या यह मान लिया जाए कि कृषि को हमेशा के लिए आयकर से मुक्त रखा जाना चाहिए, चाहे खेत का आकार कुछ भी हो? इसका बचाव करना बहुत कठिन है। अहलूवालिया ने कहा कि यदि आपके पास विविध तरह के मध्यम आकार के खेत हैं तो वे निश्चित रूप से पर्याप्त उच्च आय उत्पन्न कर सकते हैं। आयकर की श्रेणी में आ सकते हैं। वह कर 100 प्रतिशत राज्यों को जाएगा। उसे केंद्र द्वारा नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान में ऐसा कुछ नहीं है जो किसी राज्य सरकार को नीचे के स्तरों पर संसाधनों का हस्तांतरण करने से रोकता हो, यदि वह ऐसा करना चाहे। हालांकि प्रायः दबाव केंद्र सरकार की ओर निर्देशित किया जाता है। अहलूवालिया ने कहा कि यदि किसी राज्य का मुख्यमंत्री वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए राजनीतिक निर्णय के रूप में सरकार के तीसरे स्तर यानी स्थानीय निकायों को धन हस्तांतरित और विकेंद्रीकृत करने का निर्णय लेता है, तो उसे केंद्र की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। यह भी कहा कि कि अधिकांश देशों में मानव पूंजी...जिसमें बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा और संबंधित क्षेत्र शामिल है...राष्ट्रीय स्तर की तुलना में सरकार के निचले स्तरों से अधिक जुड़ी हुई है। उन्होंने भारतीय राज्यों में मौजूद असमानताओं का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिणी राज्यों ने उल्लेखनीय रूप से कम प्रजनन दर के कारण जनसंख्या वृद्धि में काफी कमी हासिल की है।

## पेज एक का शेष

### आईएनएस

अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। पनडुब्बी रोधी युद्ध (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर) भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है। यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्धक हथियारों और सेंसर पैकेज से लैस है जिसमें सोनार अभय भी शामिल है और यह हल्के टॉरपीडो एवं पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से युक्त है। अंजदीप का नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है। इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। अपने संबोधन में एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना की योजना इस साल आईएनएस अंजदीप के अलावा 15 और पोतों को शामिल करने की है।

### होली पर

गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कर-राजस्व का वार्षिक लक्ष्य 2,95,000 करोड़ रुपये निर्धारित है, जिसके सापेक्ष फरवरी 2026 तक 1,96,177 करोड़ रुपये की प्राप्ति दर्ज की गई है। राज्य कर (जीएसटी + वैट) का लक्ष्य 1,75,725 करोड़ रुपये है, जिनके मुकाबले अभी तक 1,03,770 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ है। राज्य कर विभाग ने बताया कि जीएसटी 2.0, एआई आधारित जोखिम विश्लेषण, बड़े पैमाने पर स्क्रूटनी, ई-इनवॉइसिंग और ई-वे बिल की प्रभावी निगरानी जैसे प्रयासों से कर अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एआई आधारित 1.59 लाख करदाताओं की जांच, 75 जनपदों में संवाद कार्यक्रम, फर्जी आईटीसी पर नियंत्रण तथा 3,117 करोड़ रुपये की वसूली विभाग के प्रमुख परिणाम रहे। आबकारी विभाग की ओर से बताया कि विभाग का वार्षिक लक्ष्य ?63,000 करोड़ है, जिसके सापेक्ष फरवरी 2026 तक ?48,501 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया जा चुका है।

### प्री-प्राइमरी

प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि जहां भी संभव हो, प्राथमिक विद्यालयों के प्रांगण में ही बाल-मित्र आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जाए, ताकि शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित एकीकृत सेवाएँ एक ही स्थान पर सहजता से उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा के दौरान कहा कि बच्चों, गर्भवती माताओं और समुदाय को सुरक्षित, स्वच्छ तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल भवन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों की बुनियाद हैं।

### अवनीश अवस्थी

अवस्थी को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने अवस्थी को सेवा विस्तार दिया है। सलाहकार के रूप में उनका कार्यकाल चौथी बार बढ़ाया गया है। अवनीश अवस्थी 2022 में सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशासनिक मामलों में सलाह देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार बनाए गए थे। मुख्यमंत्री के कुल चार सलाहकार में एक अवनीश अवस्थी हैं। उत्तर प्रदेश कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी रहे अवनीश अवस्थी अब 28 फरवरी 2027 तक मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। उनको मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकारों में पूर्व आईएएस अफसर अवनीश अवस्थी सबसे भरोसेमंद माने जाते हैं। योगी सरकार ने रिटायरमेंट के बाद उनको उन्हें मुख्यमंत्री का प्रशासनिक सलाहकार नियुक्त किया गया। तभी से वह इस पद पर हैं। अवनीश अवस्थी के साथ ही मुख्यमंत्री के तीन और सलाहकार हैं।

### 2, 3 और

होने के चलते सभी कार्यालय बंद रहेंगे। ऐसे में होली पर लगातार चार दिन ही छुट्टी का लाभ मिलेगा। हालांकि तीन मार्च के एवज में शनिवार को सभी सरकारी दफ्तर, बैंक और कोषागार सामान्य कार्यदिवस की तरह खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री ने संविदा व आउटसोर्स के साथ सभी कर्मियों को होली से पहले शनिवार को ही वेतन देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश पर पहले ही राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और निगमों के कर्मचारियों को वेतन और पेंशनरों को पेंशन देने के आदेश हो गए थे।

### विकसित भारत

व्यय में तेज वृद्धि की गई है। हालांकि, निजी क्षेत्र ने अभी तक वह तथाकथित जुझारूपन (एनिमल स्पिरिट) पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं किया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास-आधारित सुधारों व कारोबार सुगमता में निरंतर सुधार के प्रयासों से प्रेरित रही है। मोदी ने कहा कि जब सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आते हैं, तो सुधार परिणामों में बदलते हैं और कागज पर की गई घोषणाएं जमीनी स्तर पर उपलब्धियों में तब्दील होती हैं। सरकार द्वारा घोषित निवेशक-हितैषी नीतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ढांचे को सरल बनाया गया है और अधिक पूर्वानुमेयता लाई गई है। इसके अलावा, बॉन्ड बाजार को गहरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

### पीएम मोदी ने

पहलों का विवरण देना होगा। इस प्रारूप में यह स्पष्ट करना होगा कि सुधार कब लागू किए गए या कब प्रस्तावित हैं और उन सुधारों से क्या परिणाम अपेक्षित हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि हरेक मंत्रालय अपने सुधार एजेंडे को प्राथमिकता दे ताकि उसके परिणाम जमीनी स्तर पर दिखाई दें। यह समूची प्रक्रिया वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की व्यापक रूपरेखा का हिस्सा मानी जा रही है।

### हिरासत में

शाम छह बजे थानाध्यक्ष गुरुसेन सिंह, सिपाही पवन सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी दुकान पर पहुंच उन्हें पकड़ ले आए। भतीजे आयुष ने बताया कि चाचा को उसी हालत में पुलिस कर्मी जीप से लाकर घर पर छोड़ चले गए। उनकी सांसें नहीं चल रही थी। हम लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल इमर्जेंसी पहुंचे तो वहां पर तैनात चिकित्सक शिवम ने बताया कि इनकी मौत हो चुकी है। जैसे ही इस बात की सूचना इलाके में पहुंची तो लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सभी ने थाने में मारपीट के दौरान उनकी मौत की बात कही। सूचना पर देर रात पुलिस क्षेत्राधिकारी पवन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के खिलाफ इलाके के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी को लेकर पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया था। तबीयत खराब होने पर परिजनों के साथ उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया था। परिजनों के आरोप पर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। देहात कोतवाल दद्दन सिंह पूरे मामले की जांच करेंगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### शराब घोटाला

आंतरिक विरोधाभास हैं, जो साजिश की थ्योरी की जड़ पर प्रहार करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सबूत के अभाव में केजरीवाल के खिलाफ लगाए गए आरोप टिक नहीं सकते और पूर्व मुख्यमंत्री को बिना किसी ठोस सबूत के फंसाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि यह कानून के शासन के प्रतिकूल था। सिसोदिया के संबंध में न्यायाधीश ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है जो उनकी संलिप्तता को दर्शाता हो और न ही उनसे कोई बरामदगी की गई है। अदालत ने आबकारी नीति में किसी व्यापक साजिश या आपराधिक इरादे के अभाव पर जोर देते हुए कहा कि संघीय एजेंसी का मामला न्यायिक जांच में खरा नहीं उतरता, खासकर तब जब सीबीआई ने मात्र अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की।

### स्वामी

मामले में लिप्त रहे हैं और याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के इशारे पर इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित बटुक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम में कभी नहीं रहे। वहीं, दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से अग्रिम जमानत की याचिका की पोषणीयता पर यह कहते हुए सवाल किया गया कि अग्रिम जमानत याचिका सत्र अदालत में दायर करने के बजाय सीधे उच्च न्यायालय में दायर की गई है।

### अफगानिस्तान

पक्तिया प्रांत में हवाई हमले किए। पाकिस्तान का कहना है कि ये हमले अफगानिस्तान द्वारा किए गए सीमा पार हमलों के जवाब में थे। पड़ोसी देशों के बीच तेज हुए हमलों से कतर की मध्यस्थता में हुआ संघर्षविराम कमजोर पड़ता दिख रहा है। दोनों देशों की सरकारों ने हताहतों की संख्या के बारे में एक-दूसरे से बिल्कुल विपरित दावे किए हैं और कहा है कि उन्होंने एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाया है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने रात में बताया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जिनमें कुछ के शव अफगानिस्तान लाए गए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कई अन्य सैनिकों को पकड़ लिया गया।

### बीबीडी यूनिवर्सिटी

जंक्शन के माध्यम से विरासत से विकास तक थीम पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। स्ट्रीट डांस, सांस्कृतिक नृत्य, तरंग पैरोडी, राग रतन, राईम रंबल, फैशन शो, मिस्टर एंड मिस के टैलेंट राउंड में अपनी प्रतिभाओं के द्वारा मिस एवं मिस्टर उत्कर्ष का खिताब जीतने के लिए कला एवं बुद्धिमत्ता का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत कर प्रतियोगिता को आकर्षक बनाया। साहित्यिक प्रतियोगिताओं में काव्य संध्या, आइडिया मंथन, तरन्नुम-ए-गजल, दीवान-ए-आदाब, ऊर्दू मुशायरा, विचार गोष्ठी, नवकल्प आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने-अपने पक्ष को मजबूती से रखा। खेल प्रतियोगिताओं में पॉवर लिफ्टिंग, फुटबाल, बास्केटबॉल, वालीबॉल, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, शतरंज, कबड्डी, कैरम, खो-खो, एथलेटिक्स आदि खेल प्रमुख रहे। इन खेलों में छात्रों ने कड़ी मेहनत कर अपना स्थान बनाया। स्पोर्ट्स इंडिविजुअल कैटेगरी में विजयी प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि अंजनी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ एवं अभिषेक कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लखनऊ द्वारा पुरुस्कार दिया गया। होटल मैनेजमेंट के छात्रों द्वारा मॉकटेल प्रतियोगिता, स्नैक्स बनाना, विरासत-ए-मिठास एवं परम्परा से प्लेट तक सीजन में भाग लेकर सभी जजों का दिल जीता। एनएसएस के छात्रों द्वारा विरासत से विकास तक की थीम पर पुराने समय के कच्चे घरों एवं कॉमर्शियल बिल्डिंग्स से लेकर आधुनिक तकनीक के मॉर्डन हाउसेस/बिल्डिंग्स जिनकी छतों पर सोलर पैनल से लेकर हैलीपैड तक दिखाये गये हैं। आर्किटेक्चर के छात्रों द्वारा फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता में कॅलर क्रॉनिकल्स, इंक स्टोरी, विरासत-ए-वोंग, अर्थन लीगेसी, ताना-बाना, हैरिटेज ह्यूज, रेडकशन, फोल्ड ऑफ टाइम एवं फ्रेम शार्ट्स आदि आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे। उत्कर्ष-2026 के अंतिम दिन 28 फरवरी को समापन समारोह होगा। समापन समारोह की मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास होंगी।




# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

## इंग्लैंड के स्पिनरों ने न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 159 रन पर रोका

कोलंबो। शुक्रवार को हुए रोमांचक मैच में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। इससे पहले इंग्लैंड के स्पिनरों ने अपनी काबिलियत का शानदार प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 159 रन पर सीमित कर दिया।

पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली न्यूजीलैंड को किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। ग्लेन फिलिप्स (28 गेंदों पर 39 रन), टिम सिफर्ट (25 गेंदों पर 35 रन) और फिन एलेन (19 गेंदों पर 29 रन) ने बल्ले से अहम योगदान दिये। इंग्लैंड के लिए विल जैक्स (23 रन पर दो विकेट), आदिल राशिद (28 रन पर दो विकेट) और रेहान अहमद (28 रन पर दो विकेट) के स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी ने शानदार गेंदबाजी की। तेज गेंदबाजों की शुरुआती पिटाई के बाद इन स्पिनरों ने बीच के ओवरों में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया।



पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में आग उगलने वाले जोफ्रा आर्चर ने शुरुआत मेडन ओवर से की। इस ओवर में अंपायर ने सीफर्ट को कैच आउट दिया, लेकिन टीवी रिप्ले में साफ हुआ कि गेंद बल्ले से नहीं लगी थी और फैसला पलट दिया गया। लियाम डॉसन ने भी दूसरे ओवर में सीफर्ट और फिन एलेन को बांधे रखा, लेकिन सीफर्ट ने डीप स्कायर लेग की दिशा में स्वीप कर चौका जड़कर दबाव तोड़ा। दूसरे छोर से आर्चर ने शानदार गति और स्विंग के साथ गेंदबाजी की लेकिन एलेन ने उनकी धीमी गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ दिया। एलेन लय में नजर आने लगे और डॉसन के खिलाफ सीधा मैदान के ऊपर एक और शानदार छक्का लगाया। साथी बल्लेबाज से प्रेरित होकर सीफर्ट ने भी आर्चर पर हमला बोला, लगातार दो चौके जड़े और फिर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया।

न्यूजीलैंड ने लय पकड़ ली थी, जिसके बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने सैम करन को आक्रमण पर लगाया। एलेन ने उनका स्वागत मिडविकेट के ऊपर से छक्के के साथ किया और पावरप्ले के अंत तक न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 54 रन पहुंच गया। इसके बाद राशिद को गेंद सौंपी गई और सीफर्ट ने उनका भी स्वागत लॉन्ग-ऑन के ऊपर छक्के से किया। लेकिन अगली ही गेंद पर रशीद सीफर्ट को चकमा दिया और जोस बटलर ने शानदार स्टंप कर उनकी पारी का अंत किया। जैक्स ने अगले ओवर में एलेन को चलता किया। एलेन ने हल्का शॉट खेला और डीप मिडविकेट पर जैकब बेथेल को आसान कैच थमा बैठे। ग्लेन फिलिप्स ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन जैक्स ने उन्हें बोल्ड कर न्यूजीलैंड की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर (नाबाद नौ) ने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ टीम के स्कोर को 160 रन के करीब पहुंचाया।

# बुमराह-सिराज और मोर्केल के साथ अपने कौशल पर काम कर रहा हूं: अर्शदीप सिंह



चेन्नई। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं।

अर्शदीप ने यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा तथा केवल 24 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत की 72 रन से जीत के बाद अर्शदीप ने पत्रकारों से कहा, मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं। मेरा साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक (पंड्या) भाई जैसे बहुत अच्छे गेंदबाजी सहयोगी हैं। अर्शदीप से पूछा गया कि क्या 256 रन के विशाल स्कोर बनाने से गेंदबाजों को मदद मिली, उन्होंने कहा, हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे थे कि हमने कितने रन बनाए। हम बस अपनी रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करना चाहते थे और अपने स्तर को बनाए रखना चाहते थे। हम हमेशा एक लक्ष्य को ध्यान में रखते हैं, जैसे कि विकेट और मैदान की स्थिति के अनुसार 160 या 180 रन का स्कोर। इसलिए हम हमेशा एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को उंचा उठाने की कोशिश करते हैं। अतिरिक्त 20, 30, 40, 70 रन का फायदा होना अच्छी बात है। लेकिन हमारा ध्यान एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को ऊपर उठाने पर होता है। भारत अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए एक मार्च को कोलकाता में दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज का सामना करेगा, जो एक तरह से नॉकआउट मुकाबला होगा। अर्शदीप जानते हैं कि उनके सामने आगे क्या चुनौती है। वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए मुझे लगता है कि वे भी स्थिति के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं, लेकिन हम विकेट और परिस्थितियों को देखकर अपनी रणनीति बनाएंगे। खिलाड़ी और उनके परिवार के सदस्य वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए मैच पर नजर रखे हुए थे।

## संक्षेप

### व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है: कैगिसो रबाडा

अहमदाबाद। कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने अब तक टूर्नामेंट में केवल चार विकेट लिए हैं। वह न्यूजीलैंड, यूएई और भारत के खिलाफ विकेट लेने में नाकाम रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक टीम अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी तब तक व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात नहीं की जा सकती है। ऐसी बात बाद में की जा सकती है। रबाडा को क्षेत्ररक्षकों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। अब तक उनकी गेंदबाजी पर चार कैच छूट चुके हैं। यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं।

### क्रिकेट ऐसा ही है, मैं हमेशा उस स्थिति में नहीं रहूंगा : बेनेट

चेन्नई। जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने टी20 विश्व कप में शतक बनाने से तीन रन चूकने के बावजूद कहा कि अगर वह भारत के खिलाफ शतक बनाने में सफल रहते तो अच्छा होता लेकिन वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं। बेनेट की 97 रन की नाबाद पारी टीम के काम नहीं आई क्योंकि जिम्बाब्वे को भारतीय टीम के हाथों 72 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत में चार विकेट पर 256 रन बनाए थे जिसके जवाब में जिम्बाब्वे छह विकेट पर 184 रन ही बना पाया। बेनेट ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, अच्छा होता अगर मैं शतक पूरा कर लेता। क्रिकेट में कभी-कभी ऐसा ही होता है। मैं हमेशा उस स्थिति में नहीं रहूंगा। मुझे खुशी है कि मैंने अच्छी पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सका। 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि अच्छी साझेदारी नहीं निभाने के कारण उनकी टीम को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, जब भी कोई नया बल्लेबाज क्रीज पर उतरता तो मैं उससे यही कहता कि गेंद को अच्छी तरह से देखो और फिर उस पर शॉट लगाओ। मैं क्या कर रहा हूं इसकी चिंता मत करो, बस तुम अपना काम करो। हमारे लिए अच्छी साझेदारी निभाना जरूरी था। बेनेट ने पारी के 13वें ओवर में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लॉन्ग ऑन के ऊपर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत में चार विकेट पर 256 रन बनाए थे जिसके जवाब में जिम्बाब्वे छह विकेट पर 184 रन ही बना पाया।

# पिछले दो मुकाबलों में खराब बल्लेबाजी भारत को महंगी पड़ी: हरमनप्रीत कौर



होबार्ट। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा।

पिछले साल नवंबर में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह भारतीय टीम की पहली 50 ओवर की श्रृंखला है। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर शानदार शुरुआत की। लेकिन रविवार को एक मैच बाकी रहते पहले दो वनडे गंवा दिए। दोनों टीमें सभी प्रारूप की सीरीज खेल रही हैं जिसका फैसला अंक के आधार पर होगा। वनडे श्रृंखला के बाद एक टेस्ट भी खेला जाएगा। दूसरे वनडे में मिली पांच विकेट की हार के बाद हरमनप्रीत ने कहा कि हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। एक समूह के तौर पर हमने तय किया कि पहले बल्लेबाजी करते हैं और 300 से ज्यादा का स्कोर बनाएंगे क्योंकि पिच पिछले मैच की पिच से कहीं बेहतर थी। उन्होंने कहा कि लेकिन बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए। हरमनप्रीत ने कहा कि हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या लक्ष्य का पीछा करते हुए, हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी क्योंकि जब भी हम अच्छी बल्लेबाजी करे हैं, हम अच्छी स्थिति में होते हैं। पिछले दो मैच में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की और इसका हमें नुकसान हुआ। उम्मीद है कि अगले मैच में हम ऐसा करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली संन्यास लेने से पहले रविवार को अपना आखिरी मैच खेलेंगी। उन्होंने कहा कि मैं परिणाम से बहुत खुश हूं। यह उन मैच में से एक था जहा मुझे लगा कि वे अच्छा स्कोर बनाने से बहुत पीछे रह गए, लेकिन साथ ही यह हमारे लिए हताशाजनक भी था क्योंकि मुझे लगा कि हम उन्हें थोड़ा और पहले आउट कर सकते थे। लेकिन इस तरह के विकेट पर उन्हें 250 रन पर रोकना हमारी टीम की एक शानदार कोशिश थी।

# एएफआई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में एसआरवाई जीन परीक्षण शुरू करेगा



नयी दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) इस वर्ष से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में एसआरवाई जीन परीक्षण आयोजित करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिला वर्ग में केवल बायोलॉजिकल महिलाएं ही प्रतिस्पर्धा करें। एएफआई की कार्यकारी परिषद (ईसी) ने अपनी हालिया बैठक में अनुसंधान एवं विकासै के उद्देश्य से उभरते खिलाड़ियों का डीएनए परीक्षण कराने को भी मंजूरी दी, जिनका रिकॉर्ड गोपनीय रखा जाएगा।

एएफआई ने एक परिपत्र में कहा, ईसी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में एसआरवाई (लिंग निर्धारण) जीन परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने को सर्वसम्मति से मंजूरी दी है। इस बारे में विस्तृत विवरण बाद में जारी किया जाएगा। यह परीक्षण मुख्य रूप से एसआरवाई जीन की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान के लिए किया जाता है जो भ्रूण विकास के दौरान पुरुष लिंग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यकारी परिषद की बैठक 14 और 15 फरवरी को अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में आयोजित की गई थी। परिपत्र के मुताबिक, ईसी ने अनुसंधान एवं विकास के लिए उभरते खिलाड़ियों का डीएनए परीक्षण कराने को भी मंजूरी दी है और एएफआई अपने कार्यालय में सभी अभिलेख गोपनीय रूप से सुरक्षित रखेगा। एएफआई एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को बताया कि एसआरवाई परीक्षण इस वर्ष 24 से 28 जुलाई के बीच होने वाली राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर चैंपियनशिप के दौरान, आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद, लागू किया जा सकता है। हमें एक प्रतिष्ठित प्रयोगशाला का चयन करना है, परीक्षण शुल्क निर्धारित करना है आदि। इसलिए परीक्षण शुरू होने में कुछ महीने लग सकते हैं। लेकिन इसे राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय प्रतियोगिता के दौरान, या अधिकतम राष्ट्रीय ओपन के समय तक शुरू कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, इसके बाद अगले वर्ष से अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी यह परीक्षण शुरू किया जाएगा। भारत में एसआरवाई जीन परीक्षण पिछले वर्ष उन सभी महिला खिलाड़ियों के लिए लागू किया गया था जिन्होंने सितंबर में तोक्यो में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। इस संबंध में एएफआई ने 13 अगस्त को अपने सभी संबद्ध इकाइयों को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नोटिस भेजा था। एएफआई ने अपने संचार में उल्लेख किया था कि वह विश्व एथलेटिक्स के निर्देश का पालन कर रहा है। विश्व एथलेटिक्स ने पिछले वर्ष 30 जुलाई को यह अनिवार्य कर दिया था कि विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छुक सभी खिलाड़ियों को जीवन में एक बार एसआरवाई जीन परीक्षण कराना होगा जो जैविक लिंग निर्धारित करने का एक विश्वसनीय तरीका है। एएफआई की कार्यकारी परिषद ने एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, एएफआई की कार्यकारी परिषद ने दो हाई परफॉर्मेंस निदेशक माइकल खमेल और कार्ल गुंटर लांगे की नियुक्ति को मंजूरी दी जो क्रमशः जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए होंगे। एएफआई ने वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित करने का भी निर्णय लिया। इसके साथ ही देश में विभिन्न अकादमियों को मान्यता देने का निर्णय लिया गया, ताकि खिलाड़ियों के प्रदर्शन और उन्हें विभिन्न स्थानों पर मिल रही सुविधाओं की उचित निगरानी की जा सके। एएफआई की कार्यकारी परिषद ने 2027 में होने वाले विश्व एथलेटिक्स परिषद चुनावों पर भी चर्चा की और डॉ. अदिल सुमारीवाला को एक पद के लिए उम्मीदवार नामित किया। वह किस पद का चुनाव के लिए दावेदरी करेंगे इसपर अंतिम निर्णय अभी होना है।

# हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं: तिलक वर्मा

चेन्नई। तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है।

भारत ने सभी बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से जिंबॉब्वे के खिलाफ सुपर आठ मैच में चार विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद 72 रन से आसान जीत दर्ज की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि हम बस ऐसा ही प्रदर्शन चाहते थे। हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे। इस संदर्भ में तिलक ने संजू सैमसन की प्रशंसा की। रिंकू सिंह के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किए गए सैमसन ने 15 गेंद पर 24 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में 48 रन जोड़े। जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। संजू ने शानदार शुरुआत की। हमने इसको लेकर चर्चा की थी और हम विपक्षी गेंदबाजों में यह खौफ देखना चाहते हैं कि भारतीय बल्लेबाज हर गेंद पर जोरदार शॉट लगाने के लिए तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ के अपने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज बुरी तरह लड़खड़ा गए थे और तिलक ने कहा कि खिलाड़ियों ने चेपॉक में खेले गए मैच से पहले पिछले टी20 मैचों के वीडियो देखे। हमने मैच से ठीक पहले चर्चा की थी कि हम सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरेंगे। हमने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में अपने प्रदर्शन को देखा। इन वीडियो को देखने के बाद हम सभी का आत्मविश्वास बढ़ा। तिलक ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी टीम के सदस्यों को बिना किसी झिझक के अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। गौतम सर ने यह भी कहा कि परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, बस उस तरह की क्रिकेट को याद रखें जो हमने पिछले साल से तथा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेली थी। तिलक ने कहा कि पिछले मैचों के वीडियो देखने और गंभीर के प्रेरणादायक शब्दों से बल्लेबाजों की मानसिकता में बदलाव आया। अहमदाबाद और दिल्ली दोनों की पिचें अच्छी थीं, लेकिन इस खेल में मानसिकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे लगता है कि हमारी मानसिकता यह थी कि अगर कोई विकेट गिरता है तो हम बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा समय लेंगे। हम पहले भी उस टीम के खिलाफ खेल चुके थे।

# जॉर्जिया वोल का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने भारत से लगातार 12वीं वनडे श्रृंखला जीती



होबार्ट। जॉर्जिया वोल के आकर्षक शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां मौजूदा चैंपियन भारत को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 83 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका रावल की 81 गेंद पर खेली गई 52 रन की पारी से भारत ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। भारतीय टीम हालांकि बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। इसके बाद हरमनप्रीत ने 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई जॉर्जिया वोल (82 गेंद पर 101 रन, 13 चौके, एक छक्का) और फोबे लिचफील्ड (62 गेंद पर 80 रन) की उम्दा पारियों की मदद से 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक भारत के खिलाफ सभी 12 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखलाएं जीती हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि निश्चित रूप से आज हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हम 300 से अधिक का स्कोर बनाना चाहते थे। हमने फिर से वही गलतियां दोहराई और विकेट गंवाए। इससे हम पर्याप्त स्कोर नहीं बना पाए। पिछले दो मैच में हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए और उसका हमें खामियाजा भुगतना पड़ा। उम्मीद है अगले मैच में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही कप्तान एलिसा हीली (06) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें कासवी गौतम (47 रन देकर दो विकेट) ने इनस्विंग यॉर्कर पर बोल्ड किया। इसके बाद हालांकि लिचफील्ड और वोल ने अगले लगभग 15 ओवर तक भारत को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी और इस बीच दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने भारत के तेज और स्पिन आक्रमण का सहजता से सामना किया और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का भी फायदा उठाया। वोल को दो जीवनदान मिले। क्रांति गौड़ (54 रन देकर एक विकेट) ने लिचफील्ड को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। लिचफील्ड स्कूप करने के प्रयास में बोल्ड हो गयी। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। वोल ने बेथ मूनी (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 गेंद पर 82 रन की साझेदारी की। वह शतक पूरा करने के बाद कासवी की गेंद पर फाइन लेग पर कैच देकर पवेलियन लौटी। दीप्ति शर्मा (32 रन देकर दो विकेट) ने मूनी और फिर एनाबेल सदरलैंड (10) को आउट किया लेकिन इससे परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा। एशले गार्डनर (नाबाद 19) ने विजयी चौका लगाया। इससे पहले रावल ने स्मृति मंधाना (31) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके उसे मजबूत शुरुआत दी। भारत ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश की लेकिन कुछ खराब शॉट चयन के कारण इस श्रृंखला में लगातार दूसरी बार वह मुश्किल में फंस गया था। मंधाना ने पैडल स्वीप करने से चूक गई और गार्डनर (39 रन देकर दो विकेट) की गेंद उनके लेग स्टंप पर जा लगी। जेमिमा रोड्रिग्स (11) ने ऑफ स्टंप के बाहर एक ढीला शॉट खेला और सदरलैंड (37 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठी। दीप्ति शर्मा (01) अलाना किंग (41 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर तेजी से रन बनाने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर कैच आउट हो गईं। किंग ने इसके बाद रिचा घोष (22) को पगबाधा आउट किया। काशवी (25) ने हरमनप्रीत के साथ सातवें विकेट के लिए 55 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिससे भारत 251 रन तक पहुंचने में सफल रहा। इन दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम वनडे मैच यहां एक मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीम के बीच छह मार्च से एकमात्र टेस्ट मैच होगा। भारत ने इससे पहले टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती थी। भारत के इस दौरे विजेता ट्रॉफी हासिल करने वाली टीम का निर्धारण तीनों प्रारूप के कुल अंकों के आधार पर होगा। टी20 और वनडे मैच जीतने पर दो अंक जबकि टेस्ट मैच जीतने पर चार अंक मिलेंगे। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया अब 6-4 से आगे हो गया है।

# बीबीडी विश्वविद्यालय के उत्कर्ष-2026 में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम







# राष्ट्रपति ने भारत-पाक सीमा के पास स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में भरी उड़ान

एजेंसी



जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड में उड़ान भरी।

भारतीय सेना की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू ने आलिव ग्रीन रंग की वर्दी और हेलमेट पहन प्रचंड में बतौर सह-पायलट उड़ान भरी। आधिकारिक बयान के अनुसार यह मिशन दो विमानों के एलसीएच फॉर्मेशन के रूप में क्रियान्वित किया गया। राष्ट्रपति मुर्मु ने ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ पहले विमान में उड़ान भरी जबकि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और ग्रुप कैप्टन ए महेंद्र दूसरे विमान में नंबर दो के रूप में सवार थे। लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान, उन्होंने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी और एक टैंक लक्ष्य पर हमला किया। उन्होंने उड़ान के दौरान दिए अपने संदेश में प्रचंड को आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का प्रबल प्रतीक है। इस समय मैं जैसलमेर के प्रसिद्ध किले के ऊपर से उड़ान भर रही हूं। मैं देश के वीर बहादुर सैनिकों को अत्यंत गर्व के साथ बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। आप लोगों को मेरा प्यार भरा नमस्कार... जय हिंद, जय भारत। इस प्रचंड हेलिकॉप्टर ने जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। राष्ट्रपति ने उड़ान भरने से पहले कॉकपिट से हाथ हिलाकर अभिभावन किया। इस लगभग 25 मिनट की उड़ान में प्रचंड पोकरण फायरिंग रेंज के ऊपर से उड़ा जहां वायुसेना आज शाम वायु शक्ति अभ्यास करेगी। राष्ट्रपति मूर्मू भी इस अभ्यास को देखेंगी।

बाद में आगंतुक पुस्तिका में राष्ट्रपति ने संक्षिप्त टिप्पणी लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। इसमें उन्होंने लिखा, भारत के स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरना मेरे लिए एक समृद्ध अनुभव रहा है। इस उड़ान ने मुझे राष्ट्र की रक्षा क्षमताओं पर नए सिरे से गर्व का अनुभव कराया है। मैं भारतीय वायुसेना और वायुसेना स्टेशन जैसलमेर की पूरी टीम को इस उड़ान के सफल आयोजन के लिए बधाई देती हूं।

# अमित शाह अगले सप्ताह ओडिशा दौरे पर सीआईएसएफ के कार्यक्रम में भाग लेंगे

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पांच मार्च से दो दिन के लिए ओडिशा की यात्रा पर आने वाले हैं, जिस दौरान वह सीआईएसएफ के एक कार्यक्रम सहित कई सरकारी आयोजनों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शाह पांच मार्च की शाम को भुवनेश्वर पहुंचेंगे और अगले दिन कटक के मुंडाली में सीआईएसएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री खुर्दा जिले के जटनी में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) भुवनेश्वर परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने बताया कि शाह भुवनेश्वर में एनएफएसयू ट्रांजिट परिसर का उद्घाटन डिजिटल माध्यम से करेंगे। शाह छह मार्च को राज्य की राजधानी में नए आपराधिक कानूनों पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। वह सहकारिता और अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।

# चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रही दुनिया



इंदौर (मध्यप्रदेश)। युवा आबादी को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया अपनी चुनौतियों के समाधान के लिए देश की ओर देख रही है। बिरला, इंदौर के श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के सारे देश अपनी चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। इन देशों की निगाहें हमारे नौजवानों की जनसांख्यिकीय ताकत पर हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नौजवान भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं जिनका सामर्थ्य, आत्मविश्वास और नयी दृष्टि भारत को विकास के पथ पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि कई देशों की आबादी में युवाओं की तादाद घट रही है जिससे चुनौतियों से लड़ने का उनका सामर्थ्य भी कम हो रहा है। बिरला ने कहा कि नवाचारों और नये अनुसंधानों के बूते वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत के नौजवानों का सामर्थ्य लगातार बढ़ रहा है। हमारे नौजवान स्टार्ट-अप के माध्यम से भारत के साथ ही दुनिया भर की चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं। इन चुनौतियों का समाधान हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए देश के नौजवानों को और कठिन परिश्रम करते हुए अपना सामर्थ्य बढ़ाना होगा। हमें अपने विश्वविद्यालयों के परिसरों में साझा प्रयास करते हुए खुद को बदलती तकनीकों के मुताबिक ढालना होगा ताकि हम वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए और सक्षम हो सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान कालखंड में भारत के बदलते भविष्य की नींव रखी जा रही है और युवाओं के नवाचार और नये अनुसंधान देश को प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने दीक्षांत समारोह में शामिल सभी विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की भावी चुनौतियों से निपटने के लिए शुभेच्छाएं दीं और भरोसा जताया कि वे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में हरसंभव योगदान करेंगे। उन्होंने इंदौर में वैष्णव समुदाय के कपड़ा कारोबारियों की वर्ष 1884 में की गई पहल के आधार पर स्थापित विभिन्न शैक्षिक संस्थानों की तारीफ करते हुए कहा कि इन संस्थानों ने देश की गुलामी के दौर में भी भारतीय संस्कृति और मूल्यों की रक्षा की। बिरला ने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के राज के दौरान शासकों ने भारत की आध्यात्मिक संस्कृति, संस्कारों और विचारों को समाप्त करने के लक्ष्य से काम किया, लेकिन देश की सांस्कृतिक ऊर्जा के कारण उनके मंसूबे कामयाब न हो सके। दीक्षांत समारोह में इंदौर के लोकसभा सांसद शंकर लालवानी और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पसारी भी मौजूद थे।

# पोकरण में वायुशक्ति में दिखायी अपनी ताकत



जैसलमेर। भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार शाम भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पोकरण में वायुशक्ति अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया जिसे देखने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद थीं।

जैसलमेर जिले में थार के रेगिस्तानी इलाके में वायुसेना ने इस अभ्यास में अपनी जंगी ताकत दिखाई। शुक्रवार शाम शुरू हुए इस अभ्यास के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊबागडे और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूदा थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत से हुई। अभ्यास के दौरान तीन किलोमीटर के इलाके में फैले लक्ष्यों को दिखाया गया। प्रदर्शन के लिए बनाए गए लक्ष्यों में दुश्मन का रनवे, पेट्रोलियम भंडार, बंकर, राडार स्थल, टैंक और सशस्त्र काफिले, कम्युनिकेशन सेंटर, आतंकी शिविर, शस्त्र भंडार व हैंगर शामिल था। इसके बाद लड़ाकू विमान व युद्धक हेलीकॉप्टर ने तालमेल बिठाकर ऑपरेशन शुरू किया। इसमें रणनीति बनाना, लक्ष्य को चिह्नित करना व लक्ष्यों को तबाह करना शामिल है। इसके तहत जगुआर और मिराज लड़ाकू विमानों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हमले के समन्वित तरीके को दोहराते हुए एक साथ लक्ष्यों को निशाना बनाया। सुखोई लड़ाकू मिान ने आतंकी शिविर पर हमला किया। स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड ने नकल रीफ्यूलिंग पॉइंट पर हमला करके अपनी फुर्ती दिखाई।

## इंटरटेनमेंट...

# छह मार्च को रिलीज होगी बूंग




नयी दिल्ली। अभिनेता-फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने शुक्रवार को घोषणा की कि लक्ष्मीप्रिया देवी द्वारा निर्देशित बाफ्टा पुरस्कार विजेता फिल्म बूंग छह मार्च को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। फिल्म में मणिपुर की घाटी में रहने वाले बूंग (जिसका किरदार गुगुन किपगेन ने निभाया है) नाम के एक लड़के की कहानी बूंग में दिखाई गई है, जो अपनी मां को एक उपहार देकर चौंकाना चाहता है। इस फिल्म का निर्माण अख्तर और रितेश सिधवानी ने अपने बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत किया है। यह फिल्म देवी की पहली निर्देशित फिल्म भी है। अख्तर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए यह खबर साझा की, जिसमें फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख लिखी हुई थी। शीर्षक में लिखा था, मासूमियत, प्यार और दृढ़ता की एक यात्रा। भारत की पहली बाफ्टा पुरस्कार विजेता फिल्म देखें, छह मार्च को सिनेमाघरों में। इस फिल्म ने हाल ही में 22 फरवरी को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित 79वें बाफ्टा फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म का पुरस्कार जीता। इसे आर्को, लिलो एंड स्टिच और जूट्रोपोलिस 2 के साथ नामांकित किया गया था और यह बाफ्टा पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी। बूंग का विश्व प्रीमियर 2024 में टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था और इसके बाद इसे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव भारत और एमएएमआई मुंबई फिल्म महोत्सव सहित कई अन्य समारोहों में प्रदर्शित किया गया।

# रश्मिका-विजय को सिनेमा जगत ने दी शादी की बधाई



मुंबई। विक्की कौशल, कृति सेनन और सामंथा रुथ प्रभु सहित सिनेमा जगत की कई हस्तियों ने नवविवाहित जोड़े रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को शादी की शुभकामनाएं दीं। मंदाना और देवरकोंडा उदयपुर के बाहरी इलाके में स्थित लग्जरी होटल में एक निजी समारोह में बृहस्पतिवार को शादी के बंधन में बंध गए। विक्की कौशल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर रश्मिका और विजय की शादी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, बधाई हो, भगवान आप दोनों को प्यार, खुशी एवं आनंद से भरा जीवन दे। विक्की और रश्मिका ने साल 2025 में फिल्म छावा में साथ काम किया था।

# सामंथा ने प्रियंका चोपड़ा की ईमानदारी को सराहा



मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास की इस बात के लिये सराहना की है कि 2022 में उन्होंने बेटी मालती मैरी के समयपूर्व जन्म और उस समय इसकी घोषणा के दौरान झेले गए भावनात्मक उतार-चढाव पर खुलकर बात की थी। सामंथा ने प्रियंका के हालिया साक्षात्कार का एक वीडियो क्लिप अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी के 27 सप्ताह में जन्म लेने और युगल द्वारा इस खबर को सार्वजनिक करने के दबाव के बारे में बात की। सामंथा ने लिखा बहुत खूबसूरत। धन्यवाद, प्रियंका। आपकी ईमानदारी बहुत प्रभावशाली है। मुझे यह साक्षात्कार बहुत पसंद आया।

# द केरल स्टोरी-2 की रिलीज पर रहेगी रोक




कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड फिल्म की रिलीज स्थगित करने संबंधी एकल न्यायाधीश के अंतरिम आदेश पर शुक्रवार को दो हफ्ते के लिए रोक लगा दी। फिल्म की रिलीज पर रोक लगाये जाने के कुछ घंटों बाद, बृहस्पतिवार देर रात इसके निर्माता विपुल अमृतलाल शाह द्वारा दायर अपील पर न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति पी.वी. बालकृष्णन की पीठ ने फैसला सुनाया। पीठ ने बृहस्पतिवार रात अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसले का विवरण अभी उपलब्ध नहीं हो सका है। विपुल शाह ने अपनी अपील में दावा किया था कि फिल्म केरल राज्य या किसी भी धार्मिक समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचाती या बदनाम नहीं करती। उनके वकीलों ने अदालत को बताया था, फिल्म केवल एक सामाजिक बुराई को प्रदर्शित करती है। विपुल शाह ने यह भी दलील दी थी कि अगर फिल्म की रिलीज रोक दी जाती है, तो इससे निर्माताओं को आर्थिक रूप से भारी नुकसान होगा, क्योंकि यह 27 फरवरी को देश भर के 1,500 सिनेमाघरों और विदेश में 300 से अधिक सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। एकल न्यायाधीश ने इस आधार पर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई थी कि प्रथम दृष्टया सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा कानून से जुड़ी आवश्यकताओं पर स्पष्ट रूप से गौर नहीं किया गया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com